विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

वर्ष 34 अंक 359 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 29 सितम्बर 2023 डाक 30 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
कर्नाटक रक्षणा वेदिके महिला विंग के सदस्यों ने बेंगलुरु में एमजी प्रतिमा पर तमिलनाडु राज्य को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**देश-विदेश**
गिरफ्तारी के विरोध में गवर्नर से मिले कांग्रेस नेता, बोले- बदलाखोरी से काम कर रही सरकार

**फीचर पेज**
डिप्रेशन का दूध से है गहरा कनेक्शन, इन चीजों से भी मिल सकता है तनाव से छुटकारा


## दिल्ली के ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी का मास्टर माइंड छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार, करोड़ का सोना जब्त



### दुर्ग में 18.5 किलो सोना जब्त, करीब 10 करोड़ कीमत- बाइक की डिग्गी से 10 लाख कैश और थार कार बरामद; 1 आरोपी अरेस्ट

**बिलासपुर-दुर्ग 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ पुलिस को एक बार फिर से बड़ी सफलता मिली है. रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग पुलिस की संयुक्त टीम ने दिल्ली की ज्वेलरी शॉप में 25 करोड़ के जेवर की चोरी करने वाले मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है. मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद दुर्ग जिले के भिलाई के स्मृति नगर में आकर छुपा था. दुर्ग भिलाई के स्मृति नगर में पुलिस ने छापा मारकर एक घर से 18.5 किलो सोना जब्त की है। जब्त गोल्ड की कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामले में एक आरोपी को अरेस्ट किया गया है, उसकी बाइक की डिग्गी से 10 लाख कैश मिला है। कार भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक जब्त सोना दिल्ली में हुई करोड़ों के गोल्ड चोरी से जुड़ा बताया जा रहा है। बिलासपुर और दुर्ग पुलिस की संयुक्त टीम ने ये कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक कवर्धा निवासी लोकेश श्रीवास ने चोरी के बाद गोल्ड को स्मृति नगर में हेमंत शुक्ला के घर पर छिपाकर रखा था। वो पिछले 15 दिन से हेमंत के घर पर ही रह रहा था। मकान के बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी से कैश बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी खैरागढ़ जेल ब्रेक करके भाग चुका है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। उसके पास से 23 लाख के जेवर जब्त किये गए हैं. रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग पुलिस के टीम के साथ-साथ दिल्ली पुलिस की भी अहम भूमिका है.भिलाई पुलिस ने दिल्ली पुलिस को मामले की सूचना दी थी. दिल्ली पुलिस ने रायपुर पहुचंकर रायपुर पुलिस से मदद मांगी थी. जिसके बाद रायपुर पुलिस की टीम भी दिल्ली पुलिस के साथ दुर्ग गई. बिलासपुर पुलिस की टीम पहले से उसी आरोपी के द्वारा किए गए अपराध की पतासाजी में दुर्ग जिले में मौजूद थी. जहां छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर सामान रिकवर किया गया है. जिसमें बिलासपुर में हुई चोरियों का भी सामान मिले हैं.

## छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता अनुपम भार्गव की सड़क हादसे में मौत, पत्नी के साथ बिलासपुर से लौट रहे थे रायपुर




**रायपुर, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता अनुपम भार्गव का आज रात सरगांव (बिलासपुर) के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनकी पत्नी नीतिका भार्गव को घायलावस्था में अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। अनुपम के शर्मा सिंह बघेल नाम के कामेडी करैक्टर ने काफी लोकप्रियता पाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुपम अपनी पत्नी नीतिका के साथ कार से बिलासपुर से रायपुर लौट रहे थे। रात्रि 8 बजे के आसपास सरगांव के क़रीब एक ट्राली से कार जा टकराई। गाड़ी ड्राइव कर रहे अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गए और दुर्घटना के कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

नीतिका को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मूलतः सरकंडा बिलासपुर निवासी अनुपम भार्गव पिछले दो वर्ष से रायपुर के कबीर नगर में रह रहे थे। अनुपम भार्गव ने '3 ठन भोकवा' से छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अपने अभिनय एवं डायरेक्शन कैरियर की शुरुआत की थी। इस फ़िल्म में उन्होंने शर्मा सिंह बघेल का हास्य किरदार निभाया था, जिसे काफी सराहा गया था। बाद में '3 ठन भोकवा रिटर्नस' यू ट्यूब पर आई और उसमें भी अनुपम शर्मा सिंह बघेल के किरदार में दिखे। इसके अलावा उन्होंने 'हमर फैमिली नंबर वन', 'टिकट टू छालीवुड', 'कृष्णा अनुज खाटी मितान' एवं 'जिमी कांदा' फ़िल्में निर्देशित की और इन सभी फ़िल्मों में उन्होंने अभिनय भी किया। पिछले वर्ष उनके व्दारा निर्देशित और मन कुरैशी एवं मुस्कान साहू अभिनीत फ़िल्म साथी रे पर्दे पर आई थी। छत्तीसगढ़ी सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर सतीश जैन की फ़िल्म 'चल हट कोनो देख लिही' में अनुपम एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आए थे।

### कोदापार जंगल में नक्सली व पुलिस में मुठभेड़, 14 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**बालाघाट, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

बालाघाट पुलिस नक्सल उन्मूलन अभियान में लगातार सफलता हासिल कर रही है। एक बार फिर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। यहां पुलिस ने मुठभेड़ में 14 लाख के ईनामी नक्सली को मार



गिराया है। मुठभेड़ की पुष्टि पुलिस अधीक्षक समीर सौरव ने की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सोनगुड्डा अंतर्गत कोदापार के जंगल में सर्चिंग के दौरान पुलिस व नक्सली आमने-सामने हो गए जहां नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जवाबी फायरिंग में पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली बस्तर निवासी कमलू को मार गिराने में सफलता हासिल की है।

## आयकर के छापे के बाद फिर मुसीबत में आजम खान, क्या अब छिन जाएगा सपा कार्यालय!

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के कब्जे से जौहर शोध संस्थान की इमारत खाली कराने के बाद अब सपा कार्यालय खाली कराने की भी तैयारी की जा रही है।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने शासन को पत्र लिखा है। सपा कार्यालय के पास ही आजम खां का एक और स्कूल चल रहा है। उसे भी खाली कराया जाएगा।

तोपखाना रोड पर सपा कार्यालय है। इसके पास में ही रामपुर पब्लिक स्कूल है। पहले यहां राजकीय मुर्तजा स्कूल था बाद में जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय बन गया। यह दोनों कार्यालय भी दूसरे स्थान पर नए बन गए, तब पुरानी इमारत खाली हो गई।

## पीएम मोदी के चित्तौड़गढ़ और जोधपुर दौरे के दौरान कई बड़ी घोषणाओं की संभावना



**जयपुर।** अक्टूबर में मोदी की चित्तौड़गढ़ और जोधपुर यात्रा के दौरान बड़ी घोषणाएं करने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि यहां वह आचार संहिता लागू होने से पहले कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। यहां केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पार्टी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक हुई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई। अगले चरण की बैठक शनिवार और रविवार को दिल्ली में होगी। इसमें वसुंधरा राजे, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया, प्रह्लाद जोशी, अरुण सिंह, चंद्रशेखर, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी एवं अर्जुनराम मेघवाल जैसे केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि अमित शाह, नड्डा, बीएल संतोष और राजस्थान के दिग्गज आरएसएस नेता भी इस बैठक का हिस्सा होंगे। करीब 19 टिकटों की घोषणा 1 अक्टूबर को हो सकती है और टिकटों की घोषणा का अगला दौर 15 तारीख को श्राद्ध खत्म होने के बाद किया जाएगा। अगर इन 19 टिकटों पर आम सहमति नहीं बनी, तो 15 तारीख के बाद इनकी भी घोषणा कर दी जायेगी, इसकी पुष्टि पार्टी कार्यकर्ताओं ने की है। साथ ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि क्या राज्य में कमजोर सीटों पर 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू किया जा सकता है।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुक्षी में पथराव, पुलिसकर्मियों सहित आठ लोग घायल



**धार, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

जिले के कुक्षी में गुरुवार की रात्रि अनंत चतुर्दशी पर्व के दौरान गणेश विसर्जन झांकियां के चल समारोह पर अचानक बड़पुरा क्षेत्र में पथराव हो गया। जिससे अफरातफरी मच गई। सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है कि इसमें पुलिसकर्मियों सहित 8 लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों को बड़वानी जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया । शुक्रवार सुबह कुक्षी में स्थिति नियंत्रण में नजर आई। शहर में भारी पुलिस बल तैनात है। साथ ही बाजार भी खुलने लगा है।घटना के विषय में प्राप्त जानकारी के अनुसार कुक्षी में शाम को गणेश विसर्जन के दौरान झांकियां निकाली जा रही थी। झाकियों का चल समारोह शहर के बड़पुरा मोहल्ले में पहुंचने पर एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा करीब 12.00 बजे झांकियां के चल समारोह पर पथराव कर दिया गया। एकाएक हुए पथराव के चलते झांकियां के चल समारोह में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों में अफरातफरी मच गई। ऐसे में लोगों के अनुसार मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस के शांति के आह्वान के बाद भी उपद्रवी नहीं माने और घरों की छतों से पथराव जारी रहा। इस घटना में पुलिसकर्मियों सहित आठ लोग घायल हो गए और देखते ही देखते क्षेत्र में तनाव फैल गया। इसके बाद तोड़फोड़ की घटना होना बताया जा रहा है। पथराव के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल द्वारा बल का प्रयोग करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया गया। इसके बाद से क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरे कुक्षी नगर में सन्नाटा पसरा रहा और झांकियां का चल समारोह अधूरा रह गया।

### पंचायत सहायक सचिव की मौत, गणेश विसर्जन के वक्त नाले में हुआ हादसा

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। विसर्जन करते समय नाले में डूबने से पंचायत



सहायक सचिव की मौत हो गई है। यह मामला गीदम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, गणेश विसर्जन के लिए गए बड़े तुमनार के रहने वाले नारायण कुंजाम की नाले में डूबने से मौत हो गई। वह पंचायत के सहायक सचिव पद पर पदस्थ था। यह हादसा गुरुवार देर शाम को हुआ। घटनास्थल पर रात में गोताखोरों की टीम नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद आज सुबह गांव के लोगों ने खोजा तो नाले में डूबे युवक का शव मिला। गीदम पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## देवेगौड़ा, सिद्धारमैया, बीएसवाई ने एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी

**बेंगलुरू, 29 सितम्बर ।**




पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा ने गुरुवार को हरित क्रांति के वास्तुकार एमएस स्वामीनाथन के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौड़ा ने कहा कि कई मौकों पर उनकी सलाह से उन्हें काफी फायदा हुआ है और वह हाल तक उनके संपर्क में थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, बसवराज बोम्मई और अन्य सहित कई नेताओं ने कृषि विज्ञानी को श्रद्धांजलि दी। यह जानकर दुख हुआ कि प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और भारत की हरित क्रांति के जनक श्री एम एस स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं रहे। भारत की कृषि प्रगति और अर्थव्यवस्था में उनका योगदान बहुत बड़ा है। उनके कार्यों को सरकारों द्वारा व्यापक रूप से संदर्भित किया जाता है। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, सिद्धारमैया ने एक्स पर पोस्ट किया। येदियुरप्पा ने कहा, उनका लंबा अनुभव, उपलब्धियां, किसानों के जीवन में बदलाव, देश की आर्थिक वृद्धि में उनका योगदान असाधारण है।

बोम्मई ने ट्वीट किया, डॉ एमएस स्वामीनाथन महानतम वैज्ञानिकों में से एक थे, खासकर कृषि क्षेत्र में। एक कृषि वैज्ञानिक के रूप में उनका योगदान अमूल्य है और भविष्य में उनकी सिफ़ारिशों से इस देश की कृषि और किसानों को बेहतर बनाया जा सकता है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए स्वामीनाथन की मृत्यु ने वास्तव में संपूर्ण कृषि जगत को बहुत बड़ी क्षति पहुंचाई है। अंततः हमें उनकी सिफारिशों को लागू करके उनका सम्मान करना होगा जो इस देश में किसान और कृषि की बेहतरी है।

## गत्ते की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, नोएडा-मेरठ और हापुड़ से मंगवाई दमकल की गाड़ियां



**गाजियाबाद , 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

गाजियाबाद के साउथ साइड औद्योगिक क्षेत्र स्थित गत्ता कारखाना में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने मौके पर 6 गाड़ियां रवाना कर दीं, लेकिन आग के विकराल रूप धारण करने के बाद मेरठ, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर से भी दो-दो फायर की गाड़ियां मंगाई गई हैं।

सीएफओ राहुल पाल सिंह का कहना है कि पांच घंटे से अधिक समय से आग पर काबू पाने का काम किया जा रहा है। अभी आग पर काबू पाने में एक घंटे से ज्यादा का वक्त लग सकता है। उन्होंने बताया कि कारखाना काफी बड़ा है और इसमें दमकल की गाड़ियां घुस नहीं पा रही थी, जिस कारण क्रेन से दीवार को तोड़ा कर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। गत्तों के बड़े-बड़े रोल पर लगातार पानी की बौछार के बाद भी आग नहीं बुझ रही है। कारण इन्हें एक-एक कर बाहर निकालकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग कैसे लगी इसके कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## कर्नाटक बंद: बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अंदर घुसने की कोशिश, 20 कार्यकर्ता हिरासत में

**बेंगलुरू, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु को पानी छोड़ने के विरोध में घोषित कर्नाटक बंद को लोगों और संगठनों की ओर व्यापक समर्थन मिला है। शुक्रवार को राज्य की राजधानी बेंगलुरु सहित, तटीय कर्नाटक क्षेत्र को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में बसें और ऑटो सड़कों पर नहीं चले। राजधानी बेंगलुरु और दक्षिण कर्नाटक जिलों में अधिकांश दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे कन्नड़ संगठनों से जुड़े 20 से अधिक कार्यकर्ताओं को कर्नाटक पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



कर्नाटक रक्षण वेदिके से जुड़े कार्यकर्ता हवाई अड्डे के आगमन द्वार के पास एकत्र हुए और तमिलनाडु सरकार और सीएम एम.के. स्टालिन के खिलाफ नारे लगाए। कन्नड़ झंडे हाथ में लिए हुए उन्होंने हवाईअड्डे के अंदर घुसने का प्रयास किया। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने समूह पर लगाम लगाई और उनके प्रयास को विफल कर दिया।

हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को कारों में अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। जया कर्नाटक संगठन के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक के सीमावर्ती शहर अट्टीबेले में विरोध प्रदर्शन किया, जिसकी सीमा तमिलनाडु से लगती है। उन्होंने अट्टीबेले टोल प्लाजा से बॉर्डर टॉवर के बीच विरोध मार्च भी निकाला। कन्नड़ जागृति वेदिके के सदस्यों ने भी अट्टीबेले में विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस विभाग ने अट्टीबेले शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है और सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## लखनऊ में बड़ा हादसा: निर्माणाधीन अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढहा, चपेट में आई पांच झोपड़ियां, दो की मौत, 12 दबे

**लखनऊ, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**




लखनऊ में पीजीआई के सेक्टर-12 इलाके में बृहस्पतिवार रात करीब 11.30 बजे कालिंदी पार्क के पास निर्माणाधीन अपार्टमेंट का एक हिस्सा अचानक ढह गया। उसकी चपेट में मजदूरों की पांच झोपड़ियां आने से 12 लोग मलबे में दब गए। पुलिस, दमकलकर्मी व एसडीआरएफ की टीमों ने देर रात तक सभी को मलबे से किसी तरह निकाला और ट्रामा-2 में भर्ती कराया। जहां प्रतापगढ़ निवासी मुकादम (35) व बेटी आयशा (दो माह) की मौत हुई।एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि अंतरिक्ष अबरिल ग्रीन नाम से एक अपार्टमेंट का निर्माण हो रहा है। उससे सटे रोड के किनारे कई मजदूर पांच झोपड़ियां बनाकर परिवार संग रह रहे हैं। एडीसीपी ने बताया कि रात एक बजे तक मलबे में दबे लोगों को निकाला गया। सभी को ट्रामा-2 में भर्ती कराया गया।घटनास्थल के पास मौजूद लोगों ने बताया कि निर्माणाधीन अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार दोपहर जेसीबी से बेसमेंट की खोदाई की गई थी। इसके चलते इमारत को नुकसान पहुंचा और देर रात उसका कुछ हिस्सा भरभरा कर ढह गया। निर्माणाधीन अपार्टमेंट में मजदूर का काम करने वाली बीकेटी निवासी सुनील ने बताया कि वह रोड के दूसरी तरफ झोपड़ी डालकर रहता है। हड़बड़ा कर बाहर निकला तो देखा कि निर्माणाधीन अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढह गया था और झोपड़ियां उसमें समा गईं थीं। बिना सोचे-समझे वह मलबे में कूद गया और लोगों को तलाशने लगा। इस बीच पुलिस और दमकलकर्मी पहुंच गए।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पांच झोपड़ियों में चार पुरुष, दो बच्चे और एक महिला थी। घटना के वक्त पांच अन्य मजदूर भी खड़े थे। वह लोग भी अपार्टमेंट का हिस्सा ढहते ही उसमें गिर पड़े। लोगों ने किसी तरह पांचों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। निर्माणाधीन अपार्टमेंट के पास ही कई अपार्टमेंट बने हैं। हादसे के बाद लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। हादसे से इलाकाई लोगों में दहशत है।

# जन आवश्यकता के कार्यों पर दो करोड़ होंगे खर्च, राजस्व मंत्री ने किया भूमिपूजन





**कोरबा।** राजस्व एवं आपदा प्रवचन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम गोरबा के वार्ड क्र. 12 अंतर्गत 04 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति व वार्ड पार्षद श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर वरिष्ठ नागरिक उषा तिवारी, बी. एन. सिंह अवधेश सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 12 शारदा विहार नवनिर्मित उद्यान के पास मुख्य अतिथि के आसंदी से राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि वार्ड क्र. 12 शारदा विहार 06 साल पहले की स्थिति क्या श्री और आज क्या हो गया, जहाँ देखो वहाँ विकास ही विकास हो रहा है। पहले यहाँ सड़क कालोनी के नीचे हुआ करती थी. और खिड़की दरवाजे बंद बंद दिखता था. जिसे आज रोड को उठाया गया है, नाली बनवाया गया है, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, आंतरिक सड़कों का डामरीकरण किया गया. सड़क निकासी पानी बनाया गया वार्ड में पहले सड़क की समस्या थी. उसे खत्म किया गया है, अब हर वार्ड में नाली की समस्या बनी है उसे भी शीघ्र ही खत्म किया जाएगा।

शारदा विहार में 12 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराये जा चुके है, जिसका लाभ वार्डवासी ले रहे हैं। वार्ड क्र. 12 में विभिन्न प्रकार सुविधा मुहैया कराने के साथ ही नवनिर्मित गार्डन, ओपन जिम, पाथवे, तालाब का सौंदर्यीकरण सामुदायिक भवन, सार्वजनिक मंच चबूतरे इत्यादि कार्यों का विकास कार्य किया गया है, आगे भी इस क्षेत्र की जनता मांग व आवश्यकताओं के अनुरूप ही विकास कार्यों को गति दी जा रही है। सभापति व वार्ड पार्षद श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि मेरे वार्ड में मान, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के 15 साल के विधायकी कार्यकाल में कोरबा की जनता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता के मन को जीत लिया है और उनकी सोच काबिलियत, दिशा, काम करने के जुनून है तो जयसिंह अग्रवाल में है कि कैसा जिंदगी जिया जाये जी मिसाल बन जाये लगातार क्षेत्र की जनता के दिलों में जगह बनाने वाले ऐसे विधायक है जो जनता के दिलों में बसे है आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के आशीर्वाद से कोरबा में मेडिकल कालेज आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कालेज सड़क, बिजली, पेयजल स्वास्थ्य सुविधाएं, गार्डन, विभिन्न क्षेत्रों ऐसे अनेको काम किये है, जो अनगिनत विकास कार्य किये है। इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 12 शारदा विहार उद्यान के पास 04 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, उनमें वार्ड क्र. 12 में शारदा विहार में एम.आई.सी. /बी 8 से 1/ बी 13, सहोदरा बंजारे घर से राजू महत घर तक 80 लाख 74 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 12 में शारदा विहार अंतर्गत अंसारी किराना स्टोर से विश्वकर्मा घर तक 22 लाख 31 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य वार्ड क्र. 12 में 65 लाख 93 हजार रूपये की लागत से सीसी. रोड निर्माण कार्य, न्यू शारदा विहार किराना स्टोर से महाचार्य घर तक प्रभा फैशन से कर्मा सदन कम सदन से जनरल स्टोर से शनि मंदिर से आंगनबाड़ी स्वर्ण फैशन से ट्रांसफार्मर तक) एवं वार्ड क्र. 12 शारदा विहार में 10 लाख रूपये की लागत से सियान सदन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर, वरिष्ठ नागरिक उषा तिवारी, बी. एन. सिंह, अवधेश सिंह चौहान, वार्ड क्र. 12 के बंटू सिंह, संजय राय अवधेश यादव, मधु शर्मा, नीलू शर्मा, पुष्पा शर्मा, नजमा, अंजली गुप्ता, अंकित वर्मा, हिमाशु सिंह, दिलशाह, रज्जाक खान, निर्मल साहू, मंगल यादव, राकेश सोमवंशी, जी.पी. साह, मुकेश राठौर, कुंज बिहारी, गजानंद प्रसाद, प्रेमलाल साहू आदि प्रतिष्ठित नागरिक गण उपस्थित थे।

# विसर्जन के दौरान चाकूबाजी में एक की मौत, दूसरा घायल



**कोरबा।** अनंत चतुर्दशी के दौरान गणेश विसर्जन करने जा रहे युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाराज बस्तीवासियों ने कोरबा- दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिया। आरोपितों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद देर रात आंदोलन समाप्त हुआ।

शहर में दोपहर से गणेश विसर्जन का दौर शुरू हो गया था। समितियों द्वारा डीजे, बाजा गाजा के साथ निकले और नहर व नदी में भगवान गणेश का विसर्जन करते रहे। इसी दौरान ढोंढीपारा में विराजित भगवान गणेश को लेकर समिति के पदाधिकारी व बस्तीवासी भी विसर्जन करने जा रहा था। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत स्कूलपारा कोहड़िया के पास अन्य स्थान से तीन समितियां भी विसर्जन करने जा रही है। इसी दौरान युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जो बढ़ गया और दोनों पक्ष के मध्य जमकर मारपीट हुई। इसी बीच एक युवक पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक को गंभीर रूप से चोट लगी, उसे बचाने आए एक अन्य युवक भी घायल हो गया। इसके साथ ही स्थल पर भगदड़ मच गई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरीश कुमार के रूप में हुई, वहीं घायल का नाम भूपेंद्र बताया जा रहा है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। दोनों बरपारा कोहड़िया के निवासी हैं।

हमला करने के बाद सभी युवक भाग गए। घटना की जानकारी जैसे ही बरपारा कोहड़िया में पहुंची, वैसे ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और काफी संख्या में बस्तीवासी ढोंढीपारा के पास पहुंच गए और कोरबा- दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही सीएसईबी पुलिस स्थल पर पहुंची और समझाइश देना शुरू की। पुलिस ने आश्वस्त किया कि मामले में दोषी सभी आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद बस्तीवासियों ने देर रात चक्काजाम समाप्त किया, पर क्षेत्र में तनाव का माहौल व्याप्त है। मामले में पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर चाकू से हमला करने भैसखटाल ढोंढीपारा निवासी सुमित चौहान बताया जा रहा है, उसके साथ आधा दर्जन युवक भी थे।

उनके संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है। पर्याप्त सबूत के साथ ही सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर चाकू से आठ बार हमला किया गया है। वैधानि कार्रवाई के बाद पुलिस ने रात होने की वजह से शव मर्च्यूरी में रखा दिया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की जाएगी।

## चक्काजाम से वाहनों की लगी कतार

कोरबा- दर्री मार्ग में एकाएक चक्काजाम किए जाने से वाहनों के कतार लग गई। दर्री से कोरबा आने व जाने वालों को लोग रास्ते में फंस गए। बस्तीवासियों ने बड़े वाहन के साथ ही छोटे वाहनों की भी आवाजाही रोक दी। शाम होने की वजह से मार्ग में काफी भीड़ थी। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मार्ग बदल कर तुलसीनगर, राताखार होते हुए दर्री के लिए रवाना हुए। आंदोलन खत्म होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# चंद्रा समाज ने मनाया तीज मिलन समारोह



**कोरबा।** चंद्रा समाज का तीज मिलन व सम्मान समारोह पोड़ीबहार के सामाजिक भवन में हुआ। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक समरसता को बढ़ाने इस तरह के आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने हर समाज को बढ़ाने हरसंभव सहयोग किया है। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामाजिक ध्वजारोहण से किया। महिलाओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, चंद्रनाहू समाज के केंद्रीय अध्यक्ष रामरतन चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य जांजगीर माधुरी टेकचंद चंद्रा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष भुनेश्वरी लखन चंद्रा ने की। पूर्व महापौर अग्रवाल ने समाज में महिलाओं के योगदान व उनके महत्व को बताया। केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रा ने कहा कि समाज में हर छोटे बड़े व्यक्ति को सामाजिक नियमों का पालन करना होगा।

समाज में विशेष योगदान के लिए बजरंग चंद्रा, विजय कुमार चंद्रा, युगल किशोर चंद्रा, सहदेव सिंह चंद्रा, लखन लाल चंद्रा, महेंद्र गुड्डू चंद्रा, धर्मेंद्र चंद्रा, जितेश चंद्रा, जगदीश चन्द्रा, भुनेश्वरी लखन चंद्रा, विमला चंद्रा, कुशलबाई चंद्रा, अमृतबाई चंद्रा, गायत्री चंद्रा व नीलम चंद्रा को समाज ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में क्षेत्रीय सचिव राकेश कुमार चंद्रा ने आभार जताया।

## डेढ़ लाख रुपए कीमती 100 मीटर केबल की चोरी

**कोरबा।** बालकोनगर थाना क्षेत्र के प्रीकास्ट यार्ड से लीट सीटेट 100 मीटर केबल कतार की चोरी हो गई। चोरी हुए केबल की कीमत लगभग एक लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। इसकी रिपोर्ट एलटी कंपनी के मैनेजर केपी श्रीनिवास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराय है। बताया कि 25 सितंबर सुबह लगभग साढ़े आठ बजे कर्मचारी प्रीकास्ट यार्ड पहुंचे। उनकी नजर गेन्ट्री केन पर पड़ी। गेन्ट्री केन का केबल नहीं था। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया है।

## बेतरतीब पार्किंग से लोग परेशान

**कोरबा.** त्योहारी सीजन प्रारंभ होने के साथ ही मेन रोड, पावर हाउस, निहारिका सहित अन्य मुख्य मार्गो पर भीड़ बढ़ गई है। बावजूद इसके लोग बीच सड़क पर वाहन खड़ी कर रहे हैं। इससे सड़क संकरा हो जाता है।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार, चोर गिरफ्तार



**कोरबा।** दो दुकान का ताला तोड़ कर लोहे का सामान व दो पहिया वाहन की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया।

कोतवाली के पीछे निवासरत मामन चंद अग्रवाल 61 साल ने पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि टीपी नगर बाइपास रोड में एरन ट्रेडर्स नामक आटो पार्ट्स दुकान का संचालन करते हैं। 26-27 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान का ताला तोड़कर एक पुराने ट्रक का कमानी पट्टा और लोहे का कछुआ पार्ट्स को चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सीएसईबी ने धारा 457, 380 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसी तरह संजय प्रधान 38 वर्ष निवासी अमरैईया पारा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि टीपी नगर बाइपास रोड में केरला होटल के पास बीएल इंजीनियरिंग नामक दुकान का संचालन करते है। 26 व 27 सितंबर की रात दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएम 1531 को चोरी कर ली।

इस मामले में भी पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। एक ही रात में दो स्थान पर चोरी होने से पुलिस भी चिंतित हो उठी। दोनों मामले की जांच करने के साथ ही मुखबिरों को भी सतर्क किया गया। इस दौरान पुलिस ने सूचना मिलने पर शेख असलम 26 वर्ष निवासी संजय नगर तालाब पारा, आकाश चौहान उर्फ मोटू 19 वर्ष निवासी ग्राम सरगबुंदिया, हाल मुकाम शारदा विहार अटल आवास क्रमांक 13 चौकी मानिकपुर तथा ओम प्रकाश पटेल उर्फ राजा 22 साल निवासी महावीर चौक 15 ब्लाक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर तीनों युवकों ने चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने स्कूटी व ट्रक में इस्तेमाल होने वाला पुराना कमानी पट्टा एक एवं लोहे का पार्ट्स कछुआ को चोरी करना बताया। उनके निशान देही पर स्कूटी व चोरी का सामान बरामद किया गया। वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर तीनों आरोपितों को न्यायालय पेश कर जिला जेल कोरबा दाखिल कर दिया गया।

# भगत सिंह के विचारों को फैलाने निकाली गई रैली



**कोरबा।** ग्राम नुनेरा के युवाओं ने शहीद भगत सिंह के विचारों को लोगों तक पहुंचाने रैली निकाली। उनकी जयंती पर कार्यक्रम में उनकी जीवनी व विचारों को सामने रखा। जल, जंगल व जमीन को बचाने का संकल्प लिया। साथ ही सभी को समान शिक्षा मिले इसके लिए वन नेशन, वन एजुकेशन लागू करने की मांग को लेकर आवाज बुलंद करने का फैसला लिया। समतामूलक समाज निर्माण के भगत सिंह के विचार को सामने रखा। बांधाखार नुनेरा से शुरू रैली विभिन्न गांवों व मोहल्ले में पहुंची। इसके बाद वापस नुनेरा पहुंचने पर रैली का समापन हुआ। यहां के सामुदायिक भवन में व्याख्यान सभा को ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के पदाधिकारी सपूरन कुलदीप समेत अन्य ने संबोधित किया।

## बाइक की टक्कर से छह वर्षीय बच्ची घायल

**कोरबा।** बालकोनगर क्षेत्र के ग्राम चुइया में स्कूल से लौट रही छह वर्षीय बच्ची को बाइक ने ठोकर मार दिया। हादसे में ग्राम चुईया डुग्गूपारा निवासी मंगल सिंह बिरोहार की पुत्री जासमिन कुमारी को चोटे आई है। मंगल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि जासमिन प्राथमिक शाला ग्राम चुईया में कक्षा पहली में पढ़ाई करती है। शाम चार बजे छुट्टी होने के बाद वह घर लौट रही थी। मेन रोड के पास हादसा हुआ है। आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 3688 है। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि बच्ची के पैर व सिर पर चोटें आई है।

# मेरा देश मेरी माटी अभियान के तहत निकाली यात्रा



**कोरबा।** दीपक पंड्या, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र के मार्गदर्शन में एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के द्वारा आजादी के अमृत काल का जश्न आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में, मेरी माटी मेरा देश के तहत शहीदों के सम्मान में सुभाष ब्लाक कालोनी, शहीद भगत सिंह कालोनी में घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी/चावल संग्रहित किया गया।

इस अमृत कलश यात्रा में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सिंह पार्षद एवं एसईसीएल कोरबा क्षेत्र से अश्विनी कुमार शुक्ला, प्रबन्धक (कार्मिक), कोरबा क्षेत्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम प्राण प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी गई। तत्पश्चात शैलेन्द्र सिंह के द्वारा अश्विनी शुक्ला के अमृत कलश में शहीद वीरों के सम्मान में अपने कालोनी की मिट्टी प्रदान कर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया गया। शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि अमृत कलश में मिटटी / चांवल का संग्रहण कर वार्ड, नगरीय निकाय, जिला एवं राज्य स्तर से होते हुए 27 अक्टूबर के पहले शहीदों के सम्मान में नई दिल्ली पहुंचाया जाएगा। विभिन्न राज्यों से आई हुई मिट्टी से कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

अमृत कलश यात्रा कालोनी भ्रमण के दौरान लोगों ने देश के शहीदों को नमन करते हुए अमृत कलश में अपने घर आंगन की मिट्टी अर्पित कर सहभागी बने। सभी ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को याद एवं नमन किया। कार्यक्रम में अमित घोष, भुवनेश्वर कश्यप, मीना राव, संतोषी श्रीवास, चन्द्रावती, विभा शुक्ला, अनीता अग्रवाल, गणेशी सोनकर सहित गणमान्य नागरिक महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनके अलावा एसईसीएल के श्रम संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन भुवनेश्वर कश्यप के द्वारा किया गया।

## संकल्प सप्ताह का आयोजन कल से

**कोरबा।** नीति आयोग ने 3 अक्टूबर से संकल्प सप्ताह का आयोजन करने का निर्णय लिया है। कोरबा जिला आकांक्षी जिलों में शामिल है। इस वजह से सभी ब्लॉकों में सप्ताह का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे नई दिल्ली से करेंगे। वर्चुअल कार्यक्रम में जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस



**कोरबा।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कोरबा शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस उल्मा ए कोरबा के नेतृत्व में शाही नूरी मस्जिद से निकाला गया। जुलूस की कयादत सलाहुद्दीन असरफ किछौछा शरीफ व शहर काजी कारी शब्बीर अहमद असरफी ने की। जुलूस का जगह -जगह इस्तेकबाल ( स्वागत ) किया गया। जुलूस कोलयरी मस्जिद होते हुए मस्जिद गरीब नवाज़ से जामा मस्जिद से मदीना मस्जिद में जुलूस का समापन हुआ। ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम धर्म में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता हैं शहर के मस्जिदों में गली व मोहल्ला को सजाया जाता और रबीउल अव्वल के चाँद की 12 तारीख को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस निकाला जाता हैं।

इस अवसर पर लोगों से गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद पेस की जाती हैं और जगह -जगह लोगों में सर्बत ,खीर, खीचड़ा, जूस बांटा जाता हैं। इस अवसर पर सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म सऊदी अरब के मक्का शहर में 571 ईसवी को हुआ था। यह दिन इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, तीसरी रबी उल अव्वल महीने का 12 वां दिन था। इस दिन को खुशियों की तरह मनाते हैं , इसलिए इस पर्व को ईदों की ईद कहा जाता है। इस आयोजन में सुन्नी मुस्लिम जमात के जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़्वी, सैयद असफाक अली, आरिफ खान, सरवर हुसैन खान, असरफ अली, शेख मंसूर, इमरान खान(राजा), अकरम खान सहयोग प्रदान किया।

मुस्लिम समुदाय का प्रमुख त्योहार ईद मिलादुन्नबी पर सुबह 9.30 बजे तहसीलभाठा मस्जिद में परचम कुसाई का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् तहसील चौक से भव्य जुलूस निकाला गया।

## युवा जागृति संगठन ने ईद ए मिलादुन्नबी जुलूस का किया स्वागत



**कोरबा।** युवा जागृति संगठन के अध्यक्ष विकास डालमिया के मार्गदर्शन में महासचिव बुधेश्वर चौहान, जोन प्रभारी माज़िद खान, डॉ. हेम कुमार राठौर के नेतृत्व में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकले जुलुस का स्वागत किया। बिस्किट, चॉकलेट, शर्बत का वितरण किया गया। संगठन ने समाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन से मो.परवेज, टिकाराम साहू, गिरिजा बरेठ, कृशणी राठौर, कीर्तन बरेठ, आरती राजपूत, ज्योती कैशिक, प्रमिला मानिकपुरी, शकुन्तला साहू, चक्रवती रजक, अंजलि वैष्णव एवं संगठन के सदस्य व नगरवासी उपस्थित हुए।

# स्वच्छता पर काम किया रासेयो छात्रों ने



**कोरबा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केएन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गोद ग्राम भादा में निर्मित अमृत वाटिका व कनकी के कनकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

रासेयो के जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में मनीष चंद्रा, शनीराव जगताप, वर्णित सीमा बखला, देवांश कुमार तिवारी, किशन यादव, आशीष यादव आदि स्वयंसेवकों ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित अमृत वाटिका में खरपतवारों व कंटीली झाड़ियों की सफाई के लिए श्रमदान किया व तुलसी के पौधे लगाते हुए आम, जामुन, आंवला, मुनगा आदि पौधे के लिए क्यारियां बनाने का काम किया। आशीष यादव, सुरेश दास, धीरज यादव, शताब्दी राय आदि स्वयं सेवकों ने अमृत वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए श्रमदान किया।

स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल सभी स्वच्छाग्रहियों को शीतलीकरण आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए प्रार्थना व शांति पाठ के साथ फिटनेस व पोषण के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। स्वयं सेवकों को साथ लेकर भादावासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली का भी आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने कनकी के कनकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पूजा अर्चना व आरती के बाद स्वच्छता अभियान चलाकर एशियन ओपन बिल स्टार्क व जलमुर्गी प्रवासी पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# गौठानों में हो रही गायों की मौत के जिम्मेदार आखिर कौन?

**जांजगीर चंपा।** आखिर लगातार हो रही गायों की मौत के जिम्मेदार कौन है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का यह हाल है तो अन्य का क्या हाल है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जिले में तीन दिन में ही दो गोठानों में 50 से अधिक गायों की मौत हो गई। इसके बाद जिम्मेदार द्वारा आज दिनांक तक किसी पर कार्रवाई नहीं की गई है। आखिर लगातार गोठानों में हो रही गायों की मौत के जिम्मेदार कौन है। जिस पर कार्रवाई के बाद यह सिलसिला थम सके।

अफसरों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी गोठान निर्माण योजना कागजों और फीता काटकर फोटो खिंचवाने तक सिमटकर रह गई। कांग्रेस की नई सरकार आते ही यह योजना इसलिए बनाई गई थी, किसानों को इसमें लाभ मिले और सड़क पर घुमने वाले मवेशियों को संरक्षण मिले। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है लाखों रुपए से बने गोठानों में जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही से मौत का गोठान साबित हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले के अधिकांश गोठानों में पानी, चारा की व्यवस्था ही नहीं है। गायों को सीधे गोठान में लाकर बाहर से तालाब लगा दिया जा रहा है। इससे असमय मवेशियों की मौत हो जा रही है। कुछ ऐसा ही नजारा नगर पंचायत खरौद के गोठान में देखने को मिली। नगर पंचायत खरौद के गोठान में दो दिन पहले ही करीब 32 गायों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि चारा व पानी की व्यवस्था नहीं होने से गायों की मौत हो रही है। 32 गायों की मौत हुई है। राज छुपाने के लिए नपं द्वारा गोठान के पीछे और कई गायों को दफना भी दिया। इसके अलावा मैदान में बड़ी संख्या में गाय मृत अवस्था में पड़े। गोठान के पीछे बदबू आने से आसपास के लोगों ने जाकर देखा तो नजारा देखकर दंग रह गए। 32 गाय गृत अवस्था में पड़े हुए थे। इसी तरह पामगढ़ विकासखंड के आदर्श गोठान महका में भी करीब 20 गायों की मौत हुई है। यहां भी कुछ गाय गोठान में तो कुछ गोठान के पीछे मृत अवस्था में पड़े हुए। महका सचिव अखिलेश खूंटे का कहना है कि मवेशियों की मौत कब इसकी जानकारी नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, जिम्मेदार को जानकारी ही नहीं है और गाय की लगातार मौत हो रही है। साथ ही लगातार मौत के बाद भी किसी पर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। आखिर गायों की असमय मौत के जिम्मेदार कौन है।

**जिला प्रशासन की भी गंभीर लापरवाही आई सामने**

ग्राउंड रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई इसमें सबसे बड़ी लापरवाही जिम्मेदार जिला प्रशासन की भी है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार गोठानों में निरीक्षण करने कभी नहीं पहुंचते है। कभी-कभार निरीक्षण करने पहुंचे भी तो उसमें जिले के तीन से चार गोठान ही शामिल है। इसमें निरीक्षण का औपचारिकता पूरी कर लौट जाते हैं। गोठान में क्या कमी है, गाय रहेंगी तो क्या जरूरत पड़ेगी, इससे उसको कोई मतलब नहीं है। इससे पहले भी लगातार गोठानों में गायों की मौत होती रही है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए गायों की मौत का सिलसिला बदस्तूर जारी है। अगर समय रहते जिला प्रशासन नहीं जागी तो जिले से गौवंश पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

खरौद गोठान में वर्तमान में आसपास क्षेत्र के 150 से अधिक मवेशियों को रखा गया है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि मवेशियों के लिए न तो चारा है और न ही पानी की व्यवस्था है।



# पुलिस तैयार कर रही नए गुंडा व निगरानी बदमाशों की कुंडली

**जांजगीर - चांपा ।** जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आदतन अपराधियों को गुंडा बदमाश और निगरानी बदमाश की सूची में लाए जाने लगातार अभियान जारी है। जिले में 125 गुंडा बदमाश और 78 निगरानी बदमाश हैं। एसपी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर संपत्ति संबंधी अपराध में लगातार संलिप्त रहने वाले आरोपितों को निगरानी बदमाश और शरीर संबंधी अपराध में संलिप्त रहने वालों को गुंडा बदमाश की सूची में लाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए दस्तावेज सहित प्रतिवेदन भेजने को कहा गया है। इससे लंबे समय से अपराध में संलिप्त लोगों में हडकंप है।




जिले के विभिन्न् थाना क्षेत्रो में 125 गुंडा बदमाश और 78 निगरानी बदमाश हैं। इन बदमाशों में 110 गुंडा बदमाश और 64 निगरानी बदमाश वर्ष 2023 के पूर्व के हैं। जबकि 15 गुंडा बदमाश और 10 निगरानी बदमाश 2023 में सूची में शामिल किए गए हैं। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 18 से 40 वर्ष के उम्र के गुंडा बदमाश और निगरानी बदमाशों की संख्या अधिक है। 18 से 40 आयु वर्ग में 84 गुंडा बदमाश और 65 निगरानी बदमाश हैं। जबकि 40 वर्ष से 50 वर्ष के वर्ग में 16 गुंडा बदमाश और 3 निगरानी बदमाश हैं। 50 वर्ष से अधिक उम्र के मात्र 10 गुंडा बदमाश हैं जबकि निगरानी बदमाश इस उम्र के एक भी नहीं हैं। इस तरह इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि उम्र बढ़ने के साथ लोगों में अपराध की प्रवृत्ति भी कम होती है। लगातार थानों में गुंडा और निगरानी बदमाशों की सूची तैयार किए जाने से आरोपितों में भय है। वे किसी तरह अपनी छवि सुधारने प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इस आशय का आवेदन भी एसपी को दिया है।

**क्या है निगरानी व गुंडा बदमाश**

जब कोई बदमाश लगातार संपत्ति संबंधी अपराध कर रहा है। कार्रवाई के बाद भी उस पर अंकुश नहीं लग रहा है तो एसपी के निर्देश पर उस बदमाश की निगरानी खोली जाती है। इसी तरह शरीर संबंधी अपराध में शामिल रहने अर्थात लोगों से लड़ाई झगड़ा मारपीट करने वालों का नाम गुंडा बदमाश फाइल मेंजोड़ा जाता है। इन बदमाशों की पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जाती है। वे क्या कर रहे हैं, कहां हैं और किस तरह की गतिविधियों में संलिप्त है इसकी जानकारी पुलिस द्वारा नियमित ली जाती है।

**जिला बदर की प्रक्रिया भी तेज**

विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदतन अपराधियों के जिला बदर की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। 2018 से अब तक 17 प्रकरण एसपी द्वारा जिला दंडाधिकारी को प्रतिवेदन सहित भेजा गया था। इनमें से पांच प्रकरण में जिला बदर का आदेश हुआ है। इस साल 7 प्रकरण भेजा गया है। इनमें से तीन प्रकरण में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जिला बदर का आदेश जारी किया है।

**गुंडा व निगरानी बदमाशों के थानावार आंकड़े**

जांजगीर 19 -- 10
नैला चौकी 02 -- 02
बलौदा 09 -- 08
पंतोरा चौकी 02 -- 02
अकलतरा 13 -- 11
मुलमुला 04 -- 02
पामगढ़ 13 -- 05
शिवरीनारायण 14 -- 07
नवागढ़ 11 -- 06
बिर्रा 01 -- 02
बम्हनीडीह 05 -- 00
सारागांव 13 -- 00
चांपा 23 -- 17

संपत्ति संबंध अपराध में लगातार संलिप्त रहने वाले आरोपितों को निगरानी बदमाश और शरीर संबंध अपराध में संलिप्त रहने वालों को गुंडा बदमाश की सूची में शामिल करने के निर्देश सभी थाना और चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं। जिला बदर की प्रक्रिया भी जारी है । इस साल 7 प्रकरण भेजा गया है। जिसमें से तीन प्रकरण में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जिला बदर का आदेश जारी किया है।

विजय अग्रवाल
एसपी, जांजगीर

# आर के खूंटे होंगे जिला पंचायत जांजगीर चाँपा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ सरकार के तेजतर्रार अधिकारी आर के खूंटे को जांजगीर चाँपा जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर चाँपा के पद पर पदस्थ किया गया है । आपको बता दें कि आर के खूंटे परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के पद पर पदस्थ थे, उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए राज्य शासन ने आदेश जारी करते हुए जांजगीर चाँपा जिले के जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ किया है, इनके जिले में आने से जांजगीर चाँपा जिले में विकास कार्यों की गति तेज होने के साथ शासन की योजनाओं का संचालन बेहतरीन तरीके से हो सकेगा आर के खूंटे के बेहतर कार्य को देखते हुए राज्य शासन ने परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही से जांजगीर चाँपा जिले का जिला पंचायत सीईओ बनाकर भेजा है।



## राघवेंद्र कुमार ने दी बधाई


**जांजगीर चांपा।** मदीना चौक अकलतरा में ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम में जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह सम्मिलित होकर सभी उपस्थित मुसलमान भाइयों को मुबारकबाद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व आप सभी के लिए एक शक्ति उत्सर्जन का कार्य करें जिसे समाज कल्याण एवं देश हित में लगाया जा सके। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि मैं आपके त्यौहार ईद मिलादुन्नवी के इस कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का मौका मिला। यह पर्व हम सभी के दिलों में भाईचारे की भावना जागृत करें यह शुभकामनाएं मैं आप सभी को देता हूं।



# हरप्रसाद साहू बने जांजगीर-चांपा विधानसभा के प्रभारी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य हरप्रसाद साहू को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जांजगीर चांपा विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। हरप्रसाद साहू आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे तथा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं के बीच उपजे मतभेद को दूर करने का कार्य करेंगे । उनके प्रभारी बनने से जांजगीर चांपा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी ऐसा माना जा रहा है उनके विधानसभा प्रभारी बनने से उनके समर्थक तथा मित्रगण सभी खुश नजर आ रहे हैं और सभी ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।





अनंत चतुदर्शी पर गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

# गणेश विसर्जन के लिए जा रहे युवकों के बीच मारपीट, एक दर्जन से ज्यादा घायल



**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र के ग्राम ढेका में गणेश विसर्जन के लिए जा रहे युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में गणेश विसर्जन के लिए जा रहे एक दर्जन से अधिक युवकों को चोटें आई हैं।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। पुलिस की टीम युवकों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। तोरवा क्षेत्र के ढेका में युवकों ने गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। गुरुवार की शाम युवक गणेश विसर्जन के लिए डीजे पर नाचते हुए जा रहे थे। इसी दौरान युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

देखते ही देखते एक पक्ष के युवक लाठी और राड लेकर वहां आ गए। युवकों ने गणेश विसर्जन के लिए जा रहे दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। हमले में ढेका में रहने वाले विष्णु, सुरेश मौर्य, अमर, संजीव, अनिल बघेल, विशेष, नान्हू, राहुल, सौरभ, नीरज, नमन, अभीषेक, विशाल और हरी मौर्य समेत अन्य युवकों को चोटे आई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दिया है। पुलिस की टीम घायल युवकों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर और एसपी ने हेलीपेड और कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**सक्ती।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 3 अक्टूबर को डभरा में संभावित प्रवास को लेकर आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने डभरा के दशहरा मैदान और हेलीपेड के लिए स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम डभरा, डिप्टी कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पी एच ई सहित जिले के विभिन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बिलासपुर पहुंची पीएम मोदी की चार बुलेट प्रूफ कार

**बिलासपुर।** साइंस कालेज मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा के मद्देनजर गुरुवार को दिल्ली से चार बुलेट प्रूफ कार ऋषिकेश योग नगरी-पुरी उत्कल एक्सप्रेस में लगे वीपी वैगन से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। आरपीएफ, पुलिस व एसपीजी की निगरानी में कार वैगन से उतारा गया।

इसके बाद एसपीजी उन्हें लेकर रवाना हो गई। प्रधानमंत्री मोदी का 30 सितंबर को बिलासपुर आगमन होगा। इसलिए उनके लिए बुलेट प्रूफ कार गुरुवार को ही पहुंच गई। हालांकि ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह नौ बजे के करीब है। लेकिन, आज विलंब थी।



यह ट्रेन सुबह नौ बजे की की जगह दोपहर ढाई बजे जोनल स्टेशन पहुंची। ट्रेन में अलग से एक वीपी वैगन लगाया था ,जिसमें चारों कारें थीं। इस वैगन की क्षमता 23 टन होती है। कार जब बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो पूरी सावधानी व सुरक्षा के साथ वैगन को ट्रेन से अलग किया गया। इसके बाद उसे आरएमएस के पास साइडिंग में लाया गया। यहां पहले से एसपीजी की टीम तैनात थी।

# महिला आरक्षण सहित चार मांगो को लेकर ओबीसी कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय जांजगीर में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल, जातिगत जनगणना, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पारित विधेयक व न्याय संगत आरक्षण बिल सहित चार मांगो को लेकर कचहरी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना को संबोधित करते हुए जांजगीर -चांपा ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद देश की पिछड़ी मानी जाने वाली आदिवासी समुदाय की एक महिला आज देश के सर्वोच्च प्रशासनिक पद को देश के राष्ट्रपति के तौर पर सुशोभित कर रही है। यह देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला समुदाय के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। किन्तु राजनीतिक संगठन के घटक के तौर पर देश व समाज के हित के लिए कार्य व चिंतन करते हुए आज हमें आवश्यक महसूस हो रहा है कि एक आदर्श लोकतंत्र की स्थापना के लिए समाज के प्रत्येक समुदाय के लिए समाजिक न्याय तथा समता के अधिकार की सुरक्षा विधि सम्मत ढंग से किया जाना आवश्यक है। ताकि न सिर्फ भारत के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की सुरक्षा हो सके, बल्कि उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत सरल, सुविधा जनक एवं आनन्द मई ढंग से जीवन का उपभोग कर पाने की सुविधा हो। इन्हीं के मद्देनज़र देश के प्रत्येक समुदाय के लोगो को समानता की परिस्थिति में लाने के लिए उनकी जनसंख्या धनत्व के अनुसार उन्हें विशेष सरकारी आरक्षण तत्काल दिलाई जानी चाहिए, जिससे उनकी दयनीय परिस्थिति में सकरात्मक परिवर्तन लाया जा सके। ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदीप यादव, पीसीसी सचिव गिरधारी यादव, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कमल साव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम का संचालन जांजगीर -चांपा कांग्रेस ओबीसी प्रवक्ता अनिल राठौर ने किया। कार्यक्रम समापन भाषण प्रदेश कांग्रेस ओबीसी महामंत्री किशोर साव ने दी। जिसके बाद नायाब तहसीलदार जांजगीर को मांग ज्ञापन की प्रति सौंपी गईं। कार्यक्रम में जांजगीर -चांपा ओबीसी प्रभारी चंद्र कुमार सोनी, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी महामंत्री अजय निर्मलकर, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी सचिव महेश राठौर, अविनाश राठौर, संस्कार राठौर, प्रदीप यादव, मुकेश कौशिक, दीपक सूर्यवंशी, ललित शिवम, हिमांशु, दीप्ती, डोले, प्रसुन, गुड्डू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।




## गणपति उत्सव में दान पेटी से निकले बंद हो चुके गुलाबी नोट, कल तक है बैंक में जमा करने की लास्ट डेट

**बिलासपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से 30 सितंबर तक 2000 रुपये के नोट को एक्सचेंज करने या डिपाजिट करने डेडलाइन है। न्यायधानी के बैंकर्स का कहना है कि लगभग नोट वापस आ चुके हैं। इक्का-दुक्का जिन ग्राहकों के पास हैं वे शनिवार तक बदल या जमा कर सकते हैं। वहीं कुछ जगहों से यह भी खबर मिल रही है कि इस बार गणपति उत्सव में कुछ भक्तों ने दान-पेटी में भी नोट डाले हैं।

आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में भी कुछ नोट पहुंचा है। आरबीआइ की ओर से 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने के लिए 30 सितंबर 2023 यानी इस शनिवार तक का समय दिया गया है। यदि इस तिथि तक तक नियमों का पालन कर लेते हैं तो अच्छा होगा। डेडलाइन समाप्त होने के बाद समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि डेडलाइन खत्म होने के बाद 2000 के नोटों का क्या होगा, इस बारे में आरबीआइ की ओर से कोई स्पष्टता नहीं है।

# पानी की टंकी को किया पार, आरोपी गिरफ्तार




**जांजगीर - चांपा ।** गोदाम से पानी टंकी और पाइप चोरी करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । वहीं एक अन्य आरोपित फरार है। जिसकी पतासाजी में पुलिस जुटी है। मामला अकलतरा थाना का है। अकलतरा निवासी कन्हैया अग्रवाल पिता मनोज अग्रवाल दोपहर करीब 2 - 3 बजे अपने गोदाम में ताला लगाकर वापस घर चला गया था । दूसरे दिन सुबह 11 बजे जाकर देखा तो गोदाम का ताला टूटा हुआ था । गोदाम के अंदर जाकर देखने से गोदाम में रखे जिगमा कंपनी के सिनटेक्स टंकी, वाईबरेटर मशीन, डीजल पंप, टाईल्स एंव नल का प्लास्टिक पाईप कीमती करीब 80 हजार रूपये का सामान गायब था। उसने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने भादवि की धारा 457, 380 कायम कर विवेचना मेंलिया । विवेचना दौरान संजय नगर अकलतरा निवासी खिलेश दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके पास से 4 नग सिनटेक्स पानी टंकी 40 हजार रूपये को जब्त किया गया । पुलिस ने आरोपित खिलेश दास कोगिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)एवं भू-अर्जन अधिकारी, भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अंतर्गत**

**धारा 21 के तहत लोक सूचना**

दिनांक .12.09.2023 — भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 1 अ-82/2016-17

ग्राम पासल तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर अंतर्गत औद्योगिक प्रयोजन हेतु 1.010 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जन प्रस्ताव में भू-अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अन्तर्गत भूमि पर कब्जा लेने का सरकार का आशय है और ऐसी भूमि में सारे हितों के लिए प्रतिकर दावे उससे लिए जा सकते हैं। अतएव अर्जित की जा रही निम्नांकित भूमि के संबंध में हित रखने वाले सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं या अपने अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 11.10.2023 को समय 11.00 बजे उपस्थित होकर भूमि पर अपने हक/माप/प्रतिकर के संबंध में तथा पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर के संबंध में अपना दावा पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि में दावा प्रस्तुत न करने पर मान लिया जावेगा कि इस कार्यालय/ न्यायालय द्वारा जो प्रतिकर निर्धारित किया गया है, उस पर कोई आपत्ति नहीं है।

| क्र. | भूमि स्वामी (हितबद्ध व्यक्तियों का नाम) | अर्जित भूमि का विवरण | | | भूमि का मुआवजा राशि (रूपये में) | परिसम्पति का मुआवजा राशि (रूपये में) | वृक्षों का मुआवजा राशि (रूपये में) | कुल मुआवजा राशि ( रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खसरा नम्बर | अर्जित रकबा | भूमि का प्रकार | | | | |
| 1 | रघु, पीताम्बर आ. रतन, शान्ति, संतोषी पुत्री रतन | 249 | 0.205 | डांड़ | 4,05,080/- | - | 62,574/- | 4,67,654/- |
| 2 | बउधा आ. समेलाल, भुनेश्वरी पुत्री समेलाल | 252 | 0.015 | डांड | 29,640/- | - | - | 29,640/- |
| 3 | अहिबरन आ. जयनाथ | 253/1 | 0.340 | डांड़ | 6,71,840/- | - | 27,696/- | 6,99,536/- |
| 4 | गुलशन आ. नन्दलाल, संजना पुत्री नन्दलाल, लक्ष्मी बाई बेवा नन्दलाल | 255/2 | 0.450 | डांड़ | 6,70,050/- | - | 22,684/- | 6,92,734/- |
| | | 4 | 1.010 | | 17,76,610/- | - | 1,12,954/- | 18,89,564/- |

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
भैयाथान, सूरजपुर (छ.ग.)

## अनमोल वचन

**किसी ने पूछा इस दुनिया में, आपका अपना कौन है.... मैंने हंसकर कहा समय अगर वो सही, तो सभी अपने,वरना कोई नहीं।**

# एक और राष्ट्रीय शर्म

पिछड़े राज्यों से बच्चों की तस्करी कर उन्हें ऐसे राज्यों में बेच दिया जाता है, जहां उनका इस्तेमाल छोटे-मोटे उद्योगों या घरेलू काम के लिए किया जा सके। कई बार तस्कर बच्चों को ऐसे गैंग को भी बेच देते हैं जो भीख मांगने जैसे वाले रैकेट चलाते हैं।

बात राष्ट्रीय राजधानी की है, जो देश की सत्ता का केंद्र है- जहां पक्ष-विपक्ष में रोज ही किसी ना किसी मुद्दे को लेकर तकरार छिड़ी रहती है। लेकिन इस बहस में देश की आम आबादी के असल मुद्दे किस तरह गायब रहते हैं, इस पर ध्यान देना हो, तो बाल तस्करी के बारे में जारी हुई एक ताजा रिपोर्ट पर गौर करना चाहिए। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट ने यह भी बताया है कि कोरोना महामारी के बाद कई राज्यों में बाल तस्करी के मामले बढ़े हैं। गेम्स24म7 और चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) ने बाल तस्करी के बारे में उपलब्ध आंकड़ों को संकलित कर यह रिपोर्ट तैयार की है। केएससीएफ ने 2016 और 2022 के बीच भारत के 21 राज्यों के 262 जिलों में बाल तस्करी के मामलों में हस्तक्षेप किया। उन मामलों से प्राप्त आंकड़ों के आधार तैयार रिपोर्ट में बताया गया है कि कानूनन बाल मजदूरी पर रोक होने के बावजूद बड़ी संख्या में बाल मजदूर आज भी विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे हैं। जिन उद्योगों में सबसे ज्यादा बाल मजदूरों को रोजगार मिलता है, वे होटल और ढाबे (15.6 फीसदी) हैं। इसके बाद एक परिवार के स्वामित्व वाली ऑटोमोबाइल या परिवहन उद्योग (13 प्रतिशत) और कपड़ा क्षेत्र (11.18 फीसदी) हैं। जाहिरा तौर पर ये समस्या गंभीर है। लेकिन बाल तस्करी सिर्फ चिंताजनक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शर्म का भी विषय है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछड़े राज्यों से बच्चों की तस्करी कर उन्हें ऐसे शहरों या राज्यों में बेच दिया जाता है, जिससे उनका इस्तेमाल छोटे-मोटे उद्योगों या घरेलू काम के लिए किया जा सके। कई बार तस्कर बच्चों को ऐसे गैंग को भी बेच देते हैं जो भीख मांगने जैसे वाले रैकेट चलाते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2019 में देश में मानव तस्करी (बच्चों और वयस्कों समेत) के जितने भी मामले थे, उनमें से सबसे ज्यादा मामले जबरन श्रम, देह व्यापार, घरों में जबरन काम और जबरन शादी के थे। आजादी के 75 साल बाद भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। इसके लिए कौन जवाबदेह है।

## राशिफल

**मेष राशिः**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका प्रभाव लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष ठीक रहेगा। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**वृष राशिः**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है।

**मिथुन राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

**कर्क राशिः**आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपका अच्छा प्रदर्शन रहेगा। नौकरी में नए अवसर मिलने के योग हैं। उच्च अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। माता-पिता आपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे और उनकी बातों को समझने की कोशिश करेंगे।

**सिंह राशिः**आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आएगी, जिससे आप अपने धैर्य से निपटने में सफल भी होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे। आपकी तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

**कन्या राशिः**आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है।

**तुला राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल मिलेगी, परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग करेंगे, आपकी योजना सफल होगी।

**वृश्चिक राशिः**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आएगा, जो उनके करियर के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगा।

**धनु राशिः**आपका दिन रोज की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बिताएंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन बेहतर रहेगा।

**मकर राशिः**आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आपको स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। आप अपनी सोच सकारात्मक रखकर काम करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। किसी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ राशिः**आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप जिस काम की भी शुरुआत करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। अचानक धनलाभ होने से आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप परिवार के साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**मीन राशिः**आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातो से प्रभावित होंगे। बिजनेस के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा।

# मेडिकल पढ़ाई की गुणवत्ता क्या रह गई

//अजीत द्विवेदी//

**वैसे तो पिछले कुछ समय से जीवन के हर क्षेत्र में गिरावट आ रही है। हर चीज की गुणवत्ता खराब हो रही है। हवा-पानी से लेकर खाने-पीने की चीजों और कला, साहित्य, फिल्मों से लेकर राजनीति तक की गुणवत्ता निम्नतम स्तर की ओर बढ़ रही है। लेकिन सर्वाधिक गिरावट शिक्षा के क्षेत्र में दिख रही है। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है, जिसके असर का अंदाजा आने वाले समय में लगेगा लेकिन अभी शिक्षा की गुणवत्ता में चौतरफा गिरावट दिख रही है। कई सर्वेक्षणों में स्कूली बच्चों के गणितीय कौशल या किसी भी विषय को समझने की उनकी क्षमता में गिरावट देखी गई है। हालांकि अपनी सुविधा के लिए इसे कोरोना महामारी से जोड़ दिया जाता है। कहा जाता है कि महामारी के स्कूल-कॉलेज बंद हो गए थे और पठन-पाठन का वैकल्पिक यानी ऑनलाइन सिस्टम अपनाया गया था, जिससे लर्निंग प्रोसेस पर व्यापक असर हुआ। लेकिन यह अकेला कारण नहीं है, बल्कि कई कारणों में से एक कारण है।**

बहरहाल, शिक्षा के स्तर में गिरावट का एक बड़ा नमूना अभी देखने को मिला है, जब नेशनल मेडिकल कौंसिल यानी एनएमसी ने मेडिकल के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स यानी विशेषज्ञता वाली चिकित्सा शिक्षा के लिए दाखिले का कटऑफ मार्क्स शून्य कर दिया। यानी एमबीबीएस पास करने वाले जो डॉक्टर इससे आगे की उच्च शिक्षा हासिल करना चाहते हैं और किसी खास विषय का विशेषज्ञ बनना चाहते हैं उनको अगर नीट की पीजी परीक्षा में शून्य अंक आया है तब भी वे पीजी में दाखिला ले सकेंगे। इतना ही नहीं 13 छात्र ऐसे हैं, जिनको शून्य से भी कम अंक मिले हैं। उनके मार्क्स निगेटिव में हैं फिर भी वे विशेषज्ञ बनने की पढ़ाई के लिए पीजी कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। सोचें, यह कैसी हैरान करने वाली और कितनी दुखद बात है! शून्य या माइनस मार्क्स वाले जिन छात्रों को पीसी कोर्स में दाखिला दिया जाना है वे ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने चार या पांच साल तक मेडिकल की पढ़ाई की है। मेडिकल का कोर्स पूरा करने के बाद उनका स्तर यह है कि वे पीजी कोर्स में दाखिले की परीक्षा में एक भी अंक हासिल नहीं कर पाए तो फिर उनकी एमबीबीएस की पढ़ाई का क्या मतलब है। नीटी पीजी की परीक्षा में शून्य या माइनस मार्क्स हासिल करने वाले छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दाखिला देने की बजाय इस बात की जांच की जानी चाहिए कि ऐसे डॉक्टरों ने किस मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई की है। उस मेडिकल कॉलेज की पूरी फैकल्टी की जांच की जानी चाहिए और उसका पंजीयन रद्द किया जाना चाहिए। यह कोई मामूली बात नहीं है कि चार-पांच साल तक एमबीबीएस की पढ़ाई करके डॉक्टर बनने वाले लोग पीजी कोर्स में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में एक भी अंक नहीं हासिल कर पाएं। ऐसे डॉक्टर किस तरह से लोगों का इलाज करेंगे। क्या उनको डॉक्टर बनाना आम लोगों की जान से खिलवाड़ नहीं है। यह सही है कि देश में आबादी के अनुपात में डॉक्टरों की संख्या बहुत कम है लेकिन क्या इसके लिए नीम हकीम डॉक्टर बना कर बाजार में उतार दिया जाएगा। क्या एनएमसी ने नीम हकीम खतरा ए जान का मुहावरा नहीं सुना है।

मेडिकल में दाखिले के लिए पहले से चल रही तमाम प्रवेश परीक्षाओं या प्रक्रिया को खत्म करके 2017 में नीट को अपनाया गया था। उसके बाद से पहली बार ऐसा हुआ है कि पीजी कोर्स में दाखिले के लिए कटऑफ जीरो या माइनस में किया गया है। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स की 13 हजार से ज्यादा सीटें खाली रह जातीं। देश में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स यानी अलग अलग क्षेत्र की विशेषज्ञता की पढ़ाई के लिए कुल 68 हजार सीटें हैं। इन 68 हजार सीटों पर दाखिले के लिए एमबीबीएस कर चुके करीब सवा दो लाख डॉक्टरों ने परीक्षा दी थी। इनमें से सिर्फ 55 हजार डॉक्टर पीजी कोर्स में दाखिले के लिए तय किया गया कटऑफ मार्क्स हासिल कर सके। बाकी करीब पौने दो लाख डॉक्टरों के बारे में सोचें, जो दाखिला परीक्षा का कटऑफ मार्क्स नहीं हासिल कर सके! इस बार खाली रह गई सीटों को भरने के लिए उन सबको छूट दे दी गई है कि वे काउंसिलिंग में शामिल हों। अब इससे जुड़े दूसरे पहलू को देखें। चूंकि नेशनल मेडिकल कौंसिल ने नीट पीजी की परीक्षा में शामिल हुए सभी एमबीबीएस डॉक्टरों को काउंसिलिंग में शामिल होने का मौका दे दिया है तो पीजी कोर्स में किसका दाखिला होगा। अगर सरकारी मेडिकल कॉलेजों को छोड़ें तो यह तय मानें कि तमाम निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी कोर्स में दाखिला उनका होगा, जो अनाप-शनाप पैसा खर्च करने में सक्षम होंगे। सरकारी कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई की फीस बहुत कम है। 50 हजार रुपए सालाना से भी कम फीस वाले कॉलेज हैं लेकिन निजी मेडिकल कॉलेजों में एक साल की फीस एक-एक करोड़ रुपए तक है। सो, ऐसे डॉक्टर, जिनको प्रवेश परीक्षा में जीरो या माइनस में मार्क्स हैं वे आसानी से ज्यादा पैसा खर्च करके पीजी की सीट हासिल कर लेंगे। अब सवाल है कि आगे विशेषज्ञ डॉक्टर की डिग्री हासिल करके ऐसे लोग क्या करेंगे? महंगी फीस लेकर इलाज करेंगे लेकिन क्या उनके इलाज पर भरोसा किया जा सकेगा?

सरकार ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले डॉक्टरों के लिए एक एक्जिट एक्जाम का प्रावधान किया है। इसके तहत हर डॉक्टर के लिए प्रैक्टिस करने से पहले यह परीक्षा पास करना अनिवार्य किया गया है। इसे नेक्स्ट यानी नेशनल एक्जिट टेस्ट नाम दिया गया है। हैरानी की बात है कि एमबीबीएस की पढ़ाई करने, डिग्री लेने और नेशनल एक्जिट टेस्ट पास करने के बाद भी अगर डॉक्टर नीट पीजी में एक भी अंक हासिल नहीं कर पाएं तो क्या उनको मेडिकल प्रैक्टिस की इजाजत दी जानी चाहिए। जीरो या निगेटिव मार्क्स पर भी दाखिले का बचाव करते हुए कुछ जानकार बता रहे हैं कि पहले जब पीजी कोर्स में दाखिले की परीक्षा नहीं होती थी तब एमबीबीएस पास करने वाले हर डॉक्टर को पीजी में दाखिले के लिए योग्य समझा जाता था। उसी तरह इस बार भी एमबीबीएस पास करने वाले हर डॉक्टर को पीजी के लिए योग्य माना गया है।

लेकिन क्या यह आंखों देखी मक्खी निगलने का काम नहीं है। जब पीजी कोर्स के लिए दाखिला परीक्षा या प्रैक्टिस के लिए नेशनल एक्जिट टेस्ट नहीं होता था तब कम से कम परदा तो था। किसी को पता नहीं होता था कि एमबीबीएस डॉक्टर कितने पानी में हैं। लेकिन अब तो परीक्षा के जरिए पता है कि उसे कुछ नहीं आता है फिर भी उसको दाखिला देना और प्रैक्टिस की इजाजत देना एक बहुत खराब मिसाल बनाने वाली बात है। तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य पहले से मेडिकल में दाखिले के लिए एक राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने के विचार का विरोध करते रहे हैं। उनके विरोध का एक कारण अब यह भी होगा कि ऐसी प्रवेश परीक्षा का क्या मतलब है, जिसमें जीरो मार्क्स पर भी दाखिला होता हो!

# रिश्ते के कगार पर सऊदी और इजराइल

//श्रुति व्यास//

**हमारी दुनिया बदल रही है। देशों में आपसी रिश्तों का स्वरुप बदल रहा है। पुराने कूटनीतिक और रणनीतिक गठबंधन बिखर रहे हैं और नए बन रहे हैं। जिन गठबंधनों के बारे में एक समय सोचा भी नहीं जा सकता था, वे सच होने जा रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब और इजराइल का एक साथ आना एक नए अध्याय की शुरूआत है। सऊदी अरब के युवराज एमबीएस, जो वहां के वास्तविक शासक हैं, ने 20 सितंबर को दिए एक टीवी साक्षात्कार (जो वे बहुत कम देते हैं) में मुस्कराते हुए यह स्वीकार किया कि वे एक समझौते के बहुत करीब हैं।''हर दिन हम और नजदीक जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि पहली बार असल में, सच में यह होने का रहा है और हम इसे लेकर गंभीर हैं।उन्होंने कहा कि यदि समझौता होता है तो वह शीतयुद्ध के बाद की सबसे ऐतिहासिक संधि होगी। 22 सितंबर को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात की पुष्टि की कि तीनों देश समझौते के बहुत करीब हैं। और ''यह एक बहुत बड़ा कदम होगा।**

एमबीएस सन् 2017 में शासन संभालने के बाद से ही इजराइल से रिश्ते सुधारने में रूचि ले रहे हैं। वे अमरीका के साथ सुरक्षा संधि करने और साथ ही असैन्य परमाणु क्षमताएं हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा वे सन् 2018 में जमाल ख़ाशोज्जी की हत्या के बाद से अमरीका की नजरों में बिगड़ी अपनी छवि भी सुधारना चाहते हैं। अमेरिका, और विशेषकर जो बाइडन प्रशासन, इस समझौते तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वह इसे अपनी विदेश नीति की एक बड़ी सफलता के रूप में पेश करेगा। साथ ही वह दुनिया के उस इलाके में नए समझौतों के द्वार खोलकर अरब प्रायद्वीप में चीन के बढ़ते प्रभाव को काबू करना चाहता है।

जहां तक नेतन्याहू का सवाल है, सऊदी अरब के साथ समझौता उनके देश के लिए एक नया मोड़ होगा जिससे इजराइल के लिए अफ्रीका से लेकर एशिया तक आर्थिक एवं कूटनीतिक समझौतों की राह खुलेगी जो अब तक इजराइल की पहुंच से दूर थे। इससे उनकी छवि एक उत्कृष्ट राजनेता की बन सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब सबका ध्यान उनकी सरकार की न्यायपालिका संबंधी विवादास्पद नीतियों पर है। यद्यपि यह सब कागज पर बहुत शानदार नजर आता है और दुनिया की दृष्टि से है भी लेकिन इनमें से हर देश में इसके हर पहलू को लेकर स्वीकार्यता नहीं है और इसे चुनौती दी जा रही है। एमबीएस भले ही बीबी से हाथ मिलाने और उनके गले मिलने के लिए उत्सुक होंगे लेकिन फिलिस्तीन के मसले के कारण सऊदी अरब के ज्यादातर लोग इजराइल के साथ किसी भी तरह के संबंध रखने के पक्ष में नहीं हैं। यही वजह है कि सऊदी युवराज ने अपने साक्षात्कार में बार-बार फिलिस्तीनी इलाके पर इजरायली सेना के कब्जे का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''हमारे लिए फिलिस्तीन का मामला बहुत महत्वपूर्ण है। उसका हल होना भी जरूरी है। इसी कारण सऊदियों और फिलिस्तीनियों के बीच सामानांतर चर्चा तेज हो गई है।

अक्टूबर में एक आधिकारिक फिलिस्तीनी प्रतिनिधिमंडल रियाद पहुंचने वाला है। और यदि एमबीएस फिलिस्तीनियों की मांगों का आंशिक समर्थन भी करते हैं तो नेतन्याहू के सत्ताधारी गठबंधन के कुछ सदस्य उनका साथ छोड़ सकते हैं जिससे सत्ता पर उनकी पकड़ कमजोर हो सकती है। बाइडन के लिए भी समझौते का समर्थन करने के मिले-जुले परिणाम होंगे। उनकी पार्टी के सदस्यों को चिंता है कि इससे सऊदी एटॉमिक प्रोग्राम का रास्ता खुलेगा। जहां तक रिपब्लिकनों का सवाल है, वे हर उस चीज में अड़ंगा डालेंगे जिसका प्रस्ताव बाइडन प्रशासन करेगा।

समय निकलता जा रहा है, खासकर बाइडन और इस नए गठबंधन के लिए जो सार्वजनिक किए जाने की कगार पर है। नेतन्याहू ठीक कह रहे हैं कि ''अगर अगले कुछ महीनों में कुछ हासिल न हो सका तो यह मुद्दा अगले कुछ सालों के लिए टल जाएगा।

# हॉलीवुड में क्या अब शुरू होगा काम

पूरे 146 दिन बाद 'रुकावट के लिए खेद है' का बोर्ड हॉलीवुड के सामने से हट गया है या करीब-करीब हट गया है। और हॉलीवुड दुबारा कामकाज शुरू करने के लिए तैयार है या करीब-करीब तैयार है। द राईटर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका, डब्लुजीए मनोरंजन क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के साथ एक अंतरिम समझौते पर पहुंच गई है। एक नया कॉन्ट्रैक्ट तैयार हो रहा है, जिस पर दोनों पक्ष दस्तखत करेंगे। हालांकि हालात सामान्य होने में वक्त लगेगा मगर इस समझौते से एक साथ दो हड़तालों से जूझ रहे इस उद्योग को कुछ राहत मिलेगी। इसके पहले यह स्थिति आखिरी बार सन् 1988 में बनी थी जब डब्लुजीए ने 154 दिनों तक हड़ताल की थी।सप्ताहांत में चले बातचीत के लंबे दौर के बाद डब्लुजीए ने इतवार को एक ई-मेल भेजा, जिसमें कहा गया है 'हम अत्यंत गर्व के साथ कह सकते हैं कि यह समझौता असाधारण है- जिसके जरिए सभी क्षेत्रों में कार्यरत हमारे सदस्यों को बड़े लाभ और संरक्षण हासिल होगा'। हालांकि इस 'असाधारण समझौते' में क्या है इस बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है, सिवाय इसके कि लेखकों को कुछ लाभ होंगे। जिन लेखकों के शो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें बोनस मिलेगा। इसके साथ ही राइटर्स रूम में कर्मियों की न्यूनतम संख्या और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई के इस्तेमाल की शर्तें भी तय कर दी गई हैं। लेखकों को डर है कि एआई जल्दी ही हिट स्क्रिप्टों का ढेर लगा देगा। एआई का मसला, लेखकों की हड़ताल के मुख्य कारणों में एक था और इसी मसले पर समझौता नहीं हो पा रहा था। कई घंटों तक इस बात पर चर्चा हुई कि किस प्रकार ऐसा समझौते तैयार किया जाए जो लेखकों और स्टूडियोज दोनों के लिए फायदेमंद हो। अब समझौते को राइटर्स गिल्ड के विभिन्न लीडरशिप बोर्ड अनुमोदित करेंगे। इसके बाद गिल्ड के करीब 11 हजार लेखक सदस्य वोट देंगे कि उन्हें यह मंजूर है या नहीं।इस प्रक्रिया के शुरू हो जाने के कारण, गिल्ड ने अपने सदस्यों से कहा है कि वे धरना-प्रदर्शन बंद कर दें। हालांकि वे काम तभी शुरू करेंगे जब समझौता औपचारिक रूप से स्वीकृत हो जाएगा। यह हो जाने के बाद भी अधिकांश टीवी शोज और फिल्मों पर काम फिर से शुरू नहीं हो सकेगा क्योंकि कलाकार अब भी हड़ताल पर हैं। राइटर्स गिल्ड ने अपने सदस्यों से यह भी कहा है कि वे कलाकारों को समर्थन देना जारी रखें और मंगलवार को जब कलाकार धरना फिर शुरू करें तो उनके साथ खड़े हों।कलाकारों की यूनियन स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड की भी मांगें लगभग वही हैं जो लेखकों की हैंङ्क स्ट्रीमरों को होने वाली आमदनी में हिस्सा और मूल वेतन में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी। स्टूडियो इन सभी मांगों को खारिज कर चुके हैं। आने वाले कई हफ्तों तक इस पर बातचीत होगी और फिर समझौते की प्रक्रिया चलेगी। इसका मतलब है कि चीजों के सामान्य होते-होते नवम्बर का अंत आ जाएगा। परंतु देर रात और दिन में होने वाले टॉक शोज के राइटर्स रूम जरूर जल्द ही काम करना शुरू कर देंगे, जिससे भंवर में फंसे उस उद्योग के कम से कम एक तबके को तो राहत मिलेगी।

## ट्रुडो की अन्य मुश्किल

इस नए विवाद में बड़ी संख्या में कनाडावासियों, यहूदी संगठनों और यहां तक कि पोलैंड की कड़ी आलोचना भी उन्हें सहनी पड़ी है। हालांकि उन्होंने इस प्रकरण से खुद को अलग बताने की कोशिश है, लेकिन उससे बात बनती नहीं दिख रही है। भारत के साथ छिड़े विवाद के समय ही कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो एक दूसरे विवाद में भी फंस गए हैं। इस विवाद में बड़ी संख्या में कनाडावासियों, यहूदी संगठनों और यहां तक कि पोलैंड की कड़ी आलोचना भी उन्हें सहनी पड़ी है। हालांकि उन्होंने इस प्रकरण से खुद को अलग बताने की कोशिश है, लेकिन उससे बात बनती नहीं दिख रही है। विवाद का कारण शुक्रवार को कनाडा की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में एक नाजी लड़ाके के सम्मान से जुड़ा है। उस रोज यूक्रेन के प्रधानमंत्री वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने कनाडा की यात्रा की थी।

## तस्वीरों की दुनिया




कर्नाटक रक्षणा वेदिके महिला विंग के सदस्यों ने बेंगलुरु में एमजी प्रतिमा पर तमिलनाडु राज्य को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, अधिकारियों के साथ, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अपने दौरे के दौरान आईसीसी विश्व कप 2023 ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के कीर्तिनगर में फर्नीचर बाजार में मार्केट का दौरा कर बढ़ई कारीगरों के साथ बातचीत की।



गणेश चतुर्थी उत्सव के आखिरी दिन 63 फीट ऊंची खैरताबाद गणेश प्रतिमा को हुसैन सागर में विसर्जित करने के लिए भक्तों ने जुलूस में हिस्सा लिया।



मिस यूनिवर्स ग्रेट ब्रिटेन 2023 जेसिका पेज ने आगरा में ताज महल का दौरा करते हुए तस्वीरें खिंचवाई।



पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मुंबई में उनके आवास पर।

# गिरफ्तारी के विरोध में गवर्नर से मिले कांग्रेस नेता, बोले- बदलाखोरी से काम कर रही सरकार



**चंडीगढ़, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा को जलालाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस का शिष्टमंडल पार्टी के प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा की अगुवाई में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मिला।कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से मांग की कि चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर वह इस बात की जांच करवाएं की पंजाब पुलिस ने खैहरा को गिरफ्तार करने से पहले क्या स्थानीय थाने को विश्वास में लिया था।

अगर नहीं तो जिन लोगों ने कांग्रेस के विधायक को गिरफ्तार किया उनके विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया जाए। राज्यपाल से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के वड़िंग ने आरोप लगाया कि खैहरा को बगैर वारंट के उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। जेलों में बंद किया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस को खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बदलाखोरी की राजनीति कर रही है। आठ साल पुराने केस, जिसकी एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी, मामले में एक एसआईटी का गठन किया गया।इस एसआईटी ने एक बार भी खैहरा को सम्मन किए बगैर उनके खिलाफ पर्चा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि पंजाब में लोकतंत्र नहीं जंगल राज है। खैहरा को आज उस केस में गिरफ्तार किया गया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। यहीं नहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान होते हुए भगवंत मान ने भी पहले यह कहा था कि उन्होंने खैहरा की एफआईआर को देखा है। खैहरा को उन्होंने क्लीन चिट दी थी।बाजवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगत सिंह और डॉ. भीम राव अंबेडकर की फोटो तो लगाते हैं, लेकिन उनके सिद्धांतों को मानते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रोटोकाल में एक विधायक का रुतबा मुख्य सचिव के बराबर है। फिर भी खैहरा को ऐसे गिरफ्तार किया गया जैसे वह कोई अपराधी हो।वहीं, आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर राजा वड़िंग ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें यह भरोसा दिया है कि प्रदेश इकाई की सहमति के बिना कोई समझौता नहीं होगा और पार्टी की राय उन्होंने व प्रताप सिंह बाजवा ने हाईकमान के सामने रख दी है।

## हिमाचल प्रदेश में महिला आरक्षण बिल में संशोधन की मांग अन्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस विभाग ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**धर्मशाला, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष विक्रम चौधरी के नेतृत्व में वीरवार को महिला आरक्षण बिल 128वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) में संशोधन की मांग की। इस पर राष्ट्रपति को एसी टू डीसी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि कैसे केंद्र की भाजपा सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी व माइनारिटी महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल के बाहर रखा है जो गलत है।

कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग ने मांग की कि इस बिल में कुछ संशोधन लाए जाएं और इसके अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी व माइनारिटी की महिलाओं को भी महिला आरक्षण बिल के दायरे में लाया जाए और तुरंत जातिगत जनगणना करवाई जाए। इस मौके पर कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग महासचिव अधिवक्ता पवन चौधरी, राकेश कुमार, अधिवक्ता विजय मेहरा, निशु मोंगरा, सुदर्शन अंगरिया, विक्की चौधरी व नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# चौथी सूची में इन मंत्रियों का कट सकता है पत्ता एक अक्टूबर को शाह करेंगे दिग्गजों संग मंथन



**भोपाल, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर भाजपा ने तीन सूची जारी कर चुकी है। बीजेपी अब सभी सीटों पर प्रत्याशियों के घोषित करने की तैयारी में जुटी हुई है। इसके लिए एक अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भोपाल में पार्टी के दिग्गजों की बैठक होगी।बैठक में बीजेपी पार्टी के कई मंत्रियों और विधायकों के टिकट को काटने पर विचार कर रही है। दरअसल, शिवराज कैबिनेट के कई मंत्री ऐसे हैं जिनके क्षेत्र में उनका भारी विरोध है। इसके साथ ही पार्टी के सर्वे में भी उनकी स्थिति अच्छी नहीं आई है। इस वजह से बीजेपी पार्टी के ऐसे मंत्रियों की जगह नए चेहरे उतारने पर विचार कर रही है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक मंत्री सुरेश धाकड़ और ओपीएस भदौरिया के अलावा बृजेन्द्र प्रताप सिंह, रामखेलावन पटेल, बृजेंद्र सिंह यादव जैसे मंत्रियों के क्षेत्र में नए चेहरे उतारे जा सकते हैं। इसके अलावा बीजेपी शिवपुरी से मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की जगह ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव लड़ाने पर भी विचार कर रही है।वहीं, यशोधरा राजे को 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है। इसके बाद भी अगर समीकरण नहीं जमा तो ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी लोकसभा चुनाव में उतारा जा सकता है। सिंधिया वर्तमान में राज्य सभा के सदस्य हैं। पार्टी नेताओं के अनुसार भाजपा अक्टूबर के पहले सप्ताह में अधिकतर सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला कर सकती है। अब इसी पर चर्चा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक अक्टूबर को भोपाल आ रहे हैं। अमित शाह ने केंद्रीय स्तर पर सभी सीटों का सर्वे करवाया है। सर्वे में जिन दावेदारों की स्थिति मजबूत सामने आई है। उनमें से किसी को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए कुछ मंत्रियों के भी टिकट काटे जा सकते हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में ऐसे मंत्रियों की क्षेत्र में नाराजगी के कारण इनके टिकट काटकर नए चेहरे उतार सकती है।

## वाशिंगटन में एंटनी ब्लिंकन से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिका के NSA से की भी मुलाकात

**वाशिंगटन।** भारत-कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या के बाद रिश्तों में तल्खी देखी जा रही है। इस दौरान, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने अमेरिका के दौरे पर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बातचीत की और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर के दौरे के दौरान तमाम लोगों के साथ मुलाकातों का ऐजेंडा स्पष्ट नहीं है लेकिन अमेरिका के दो करीबी उसके पारंपरिक सहयोगी कनाडा और भारत के बीच नवीनतम राजनयिक संकट प्रमुखता से उठने की उम्मीद है। जयशंकर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक महासभा की बैठकों में भाग लेने के बाद न्यूयॉर्क से अमेरिकी राजधानी वाशिंगटन पहुंचे। एस जयशंकर ने ट्वीट किया कि एनएसए जेक सुलिवन के साथ बैठक के साथ मेरी वाशिंगटन डीसी यात्रा शुरू हुई। इस साल हमारे द्विपक्षीय संबंधों में जबरदस्त प्रगति को पहचाना और इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की।इसी के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई से मिलकर अच्छा लगा।

# चुनाव से पहले वीके सिंह के बगावती तेवर, मौके का फायदा उठाने की जुगत में विरोधी

**गाजियाबाद, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



आम चुनाव को लेकर जहां सभी सियासी दल अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में लगे हैं। वहीं, गाजियाबाद से सांसद जनरल वीके सिंह अपनों से ही जंग के मूड में नजर आ रहे हैं। इसकी वजह यह है कि दो साल से चली आ रही सांसद और विधायकों के बीच अंर्तकलह अब तक खत्म नहीं हुई है, चुनाव से पहले विरोधी खेमा जनरल के खिलाफ माहौल बनाने में जुटा है तो दूसरी तरफ जनरल ने भी अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाफ साजिश रचने वाले भाजपा के ही लोग हैं, जिनके बारे में उनको जानकारी है और उनका डोजियर भी उनके पास है। इसके बाद चर्चा यह भी शुरू हो गई है कि विरोधियों में किस-किस के नाम शामिल हैं। गाजियाबाद की सीट पर भाजपा का दबदबा रहा है। यहां पर चुनाव में रिकार्ड मतों से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से लेकर जनरल वीके सिंह को जीत हासिल हुई है। जब प्रदेश में भाजपा के खिलाफ जाकर जनता ने दूसरे दलों को चुना, उस वक्त भी यहां के वोटरों ने भाजपा प्रत्याशी को अपनी पहली पसंद मानते हुए जनप्रतिनिधि बनाया।अब 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों द्वारा आईएनडीआईए गठबंधन तैयार किया गया है, इसमें देखना यह है कि इस गठबंधन में से किस पार्टी को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिलता है। भाजपा संगठन और मौजूदा सांसद को जहां विपक्षी दल की रणनीति को तोड़ने के लिए नीति तैयार करनी है, उस वक्त अपनों से ही जूझ रहे सांसद ने 2024 के चुनाव में उतरने का ऐलान कर दिया है।लेकिन उनके विरोधियों की चाह है कि जनरल इस बार यहां से चुनाव लड़ने का मौका न मिले। अब देखना यह है कि जनरल कामयाब होते हैं या फिर उनके विरोधी अपने मंसूबों में फतह हासिल करते हैं।2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कलक्ट्रेट में जनरल वीके सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक से मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, गाजियाबाद शहर से विधायक अतुल गर्ग और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा नहीं पहुंचे थे, यह चारों विधायक एक भंडारे में पूड़ी सब्जी बांट रहे थे।

## पुरानी पेंशन योजना के लिए विद्युत कर्मियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, 1 अक्टूबर को दिल्ली में रैली

**भागलपुर।** पुरानी पेंशन योजना को लेकर एक अक्टूबर को दिल्ली में विद्युत कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। एनएमओपीएस के पेंशन शंखनाद रैली में देश भर से लाखों कर्मी शामिल होंगे। इस कड़ी में जिले के विद्युत विभाग के कर्मी भी भाग लेंगे।इसको लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयों की संयुक्त बैठक शरतन कुमार रत्नाकर की अध्यक्षता में डीवीसी कलोनी बरारी रोड, तिलकामांझी में सम्पन्न हुई। इसमें देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में सभी राज्यों के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों भाग लेने जा रहा हैं। विद्युत विभाग के सभी संवर्ग के सेवकों ने गुरुवार को रैली में भाग लेने के लिए हुंकार भरी है।विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयों की संयुक्त बैठक रतन कुमार रत्नाकर की अध्यक्षता में हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य एक अक्टूबर को एनएमओपीएस के बैनर तले दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में भाग लेकर रैली को सफल बनाने को रहा।

## शराब पीकर डांसरों के साथ लगाए ठुमके तो 7 रोडवेज कर्मियों को मिली सजा, वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

**बहराइच,29 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत नेपाल सीमा स्थित रुपईडीहा डिपो में तैनात सात संविदा कर्मियों के संविदा एआरएम ने समाप्त कर दी है। बताया जाता है की विश्वकर्मा पूजा के दिन वह शराब के नशे में धुत होकर डांसरों संग डांस कर रहे थे। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा था।जानकारी के अनुसार, रुपईडीहा बस स्टैंड पर चालक राकेश कुमार रस्तोगी, सलमान व परिचालक संजीव कुमार दुबे व तीन फोरमैन व एक अन्य कर्मी की तैनाती है। विश्वकर्मा पूजा के दिन रोडवेज परिसर में डांसरों के डांस किए जाने के दौरान सभी संविदा कर्मियों ने शराब पीकर जमकर नाचा था।

इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया था। एआरएम ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराई। मामला सही पाए जाने के बाद गुरुवार देर शाम सभी की संविदा समाप्त कर दी गई। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने सभी की संविदा समाप्त करने की पुष्टि की है।

## स्वदेशीकरण के कारण भारतीय वायुसेना पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का असर नहीं: एयर मार्शल विभास पांडे

**भोपाल, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



वर्तमान रूस-यूक्रेन संघर्ष ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, लेकिन भारतीय वायुसेना में स्वदेशीकरण के कारण इसका असर नहीं हुआ है। हमारे पास अंतर्निहित क्षमताएं हैं। यह बात भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे ने गुरुवार को भोपाल में समाचार एजेंसी एएनआई से विशेष चर्चा में कही।उन्होंने कहा कि एसयू- 30 एक हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) निर्मित विमान है। समय के साथ एचएएल ने बहुत सारे उपकरण भी स्वदेशी बना लिए हैं, जिनकी एसयू - 30 के संचालन के लिए विशेष रूप से दिन-प्रतिदिन के लिए आवश्यकता होती है।

एचएएल और बीआरडी (बेस रिपेयर डिपो) में हुए स्वदेशीकरण के कारण हम पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का बुरा प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि बीआरडी ने एआरएस (स्वचालित पुनः पूर्ति प्रणाली) को स्वदेशी बना दिया है। यूक्रेन में मौजूदा संघर्ष के कारण भारतीय वायुसेना में आपूर्ति में चुनौतियां पैदा होने के सवाल पर पांडे ने कहा कि मौजूदा संघर्ष ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। केवल डिजाइन या संरचनात्मक समस्याओं के क्षेत्र में ही भारत को रूस या यूक्रेन से समर्थन की प्रतीक्षा करने की जरूरत है।

# आज से 40 हजार घरों से वसूलेगा जाएगा हाउस टैक्स, कोर्ट के आदेश पर बंद हुई थी वसूली



**देहरादून, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**

नगर निगम पांच साल बाद मलिन बस्तियों से हाउस टैक्स वसूलने जा रहा है। इसमें शहर की 129 बस्तियों के कुल 40 हजार घरों को शामिल किया गया है। करीब 12 हजार घरों से वर्ष 2018 तक कर लिया जा रहा था, लेकिन करीब 28 हजार घर तब भी दायरे में नहीं थे। ब्रह्मपुरी से कैंप की शुरुआत कर निगम एक माह तक सभी बस्तियों में कर वसूल करेगा। स्वकर निर्धारण नियमावली वर्ष-2016 के तहत दून में 129 बस्तियों में करीब 40 हजार मकान हैं। साल 2016 से 2018 के बीच करीब 12 हजार घरों से टैक्स वसूला गया, लेकिन 28 हजार घर छूट गए। फिर वर्ष-2018 में कोर्ट के आदेश पर पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने के अभियान के चलते नगर निगम ने मलिन बस्तियों से कर वसूली बंद कर दी।ऐसे में बीते करीब पांच सालों में निगम को लाखों की राजस्व हानि हुई। अब निगम टैक्स वसूलने को तैयार है। मलिन बस्ती नियमितीकरण नियमावली के अनुसार वर्ष 2016 के बाद बनी बस्तियों से टैक्स नहीं लिया जाएगा। नगर निगम के कर अधीक्षक धर्मेश पैन्यूली ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर आज शुक्रवार से मलिन बस्तियों में भवन कर जमा कराने के लिए शिविर लगेंगे। सवा माह के भीतर करीब 50 कैंप लगाए जाएंगे। इसके साथ ही निगम कार्यालय में भी कर जमा कराया जा सकता है।कैंप में करदाता को वर्ष 2016 से पहले का बिजली का बिल देना होगा। साथ ही घर की फोटो और अपनी फोटो भी देनी होगी। एक शपथ पत्र और आधार कार्ड की कापी उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

## निजी स्कूलों की मनमानी, आरटीई के तहत आवंटित 1.34 लाख में सिर्फ 85 हजार को मिला दाखिला

**लखनऊ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब घरों के 85 हजार बच्चों के इस बार दाखिले हुए हैं। चार चरणों की लाटरी की प्रक्रिया में 1.34 लाख सीटें प्रवेश के लिए आवंटित की गईं थी। अब सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को पत्र लिखकर जिले में उपलब्ध सीटें और आवंटित की गईं सीटों के मुकाबले कितने दाखिले हुए इसका पूरा ब्योरा मांगा गया है।उनसे इसका स्पष्टीकरण भी लिया जाएगा। नोटिस का जवाब मिलने पर लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से आरटीई के तहत गरीब बच्चों को अधिक से अधिक निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। इस वर्ष 176 करोड़ रुपये शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए भी जारी किए गए हैं और मानीटरिंग भी हो रही है।बीते वर्षों तक मनमाने ढंग से जिलों में प्रवेश होते थे। अब इस पर धीरे-धीरे सख्ती बढ़ाई जा रही है। यही कारण है कि पिछले वर्ष 72 हजार प्रवेश हुए थे। अबकी यह संख्या 13 हजार बढ़ी है। इस बार आरटीई के तहत 2.85 लाख आवेदन हुए थे और इसमें से 2.08 लाख आवेदन फार्म सही पाए गए थे।

# स्वदेशी कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें खरीदने के लिए सेना ने भेजा प्रस्ताव, सरकार जल्द ले सकती है फैसला

**नईदिल्ली, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हथियार प्रणालियों को बढ़ावा देने के बड़े प्रयास के तहत सेना ने भारतीय कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। इस खरीद पर 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। भारतीय सेना की तोपखाना रेजीमेंट 155 मिमी और 52 कैलिबर की खींचकर ले जा सकने वाली तोपों (टीजीएस) का उत्पादन करने के लिए भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग करने की इच्छुक है।वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सरकार जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है। भारतीय सेना ने पहले ही 307 खींचकर ले जा सकने वाली अत्याधुनिक तोपों (एटीएजीएस) को खरीदने के साथ-साथ चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर अपनी आवश्यकताओं के लिए माउंटेड गन सिस्टम के लिए एक टेंडर जारी कर दिया है। भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित होवित्जर का मतलब यह होगा कि यह हर तरह से पूरी तरह से भारतीय होगी।सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो। पिछले दशक में 155 मिमी की होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंध हुए हैं। इन तोपों को पहले ही सेना में शामिल किया जा चुका है और अधिक संख्या में रेजीमेंटों को इन तोपों से सुसज्जित किया जा रहा है। इनमें धनुष, शारंग, अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) और के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड गन शामिल हैं।धनुष तोपें बोफोर्स तोपों का इलेक्ट्रानिक अपग्रेड हैं, जबकि शारंग तोपों को 130 मिमी से 155 मिमी कैलिबर तक उन्नत किया गया है। सात रेजीमेंटों को पहले ही यूएलएच से सुसज्जित किया जा चुका है, जबकि पांच को सेल्फ प्रोपेल्ड गन से सुसज्जित किया गया है।

## ट्रम्प प्रतिशोध से प्रेरित, कानून पर कर रहें हमला, राष्ट्रपति जो बाइडन ने साधा निशाना

**वाशिंगटन, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को चरमपंथी डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला किया। बाइडन ने अमेरिकियों से लोकतंत्र के लिए खड़े होने का आग्रह किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर अमेरिकी संस्थानों को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। डेमोक्रेट ने एरिजोना के युद्धक्षेत्र राज्य में एक भाषण में कहा कि ट्रम्प प्रतिशोध से प्रेरित थे और रिपब्लिकन और उनके कट्टर-दक्षिणपंथी सहयोगी स्वतंत्र प्रेस और कानून के शासन पर हमला कर रहे थे।न्यायिक हस्तक्षेप की उपस्थिति से बचने के लिए, बाइडन ने ट्रम्प के खिलाफ कई आपराधिक अभियोगों पर टिप्पणी करने से परहेज किया है, जिसमें 2020 के चुनाव में उनकी हार को पलटने के प्रयासों में उनकी भागीदारी भी शामिल है।

बाइडन ने कहा, हम सभी को याद रखना चाहिए लोकतंत्र को राइफल के अंत तक मरना नहीं है। वे तब मर सकते हैं जब लोग चुप हों, जब वे खड़े होने में विफल हों, या लोकतंत्र के लिए खतरों की निंदा करने में विफल हों। बाइडन ने कहा कि अमेरिका में कुछ खतरनाक हो रहा है और रिपब्लिकन पार्टी ट्रम्प के MAGA (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) से प्रेरित और भयभीत है।वे अपने हमलों को छिपा नहीं रहे हैं। वे खुले तौर पर उन्हें बढ़ावा दे रहे हैं, लोगों के दुश्मन के रूप में स्वतंत्र प्रेस पर हमला कर रहे हैं, कानून के शासन पर हमला कर रहे हैं, मतदाताओं का दमन कर रहे हैं।

# स्वीडन में सामूहिक हिंसा का दौर जारी, प्रधानमंत्री क्रिस्टरसन ने सेना को किया तलब, 11 लोगों की जा चुकी है जान

**स्टॉकहोम, 29 सितम्बर [एजेंसी]।**



स्वीडन के प्रधानमंत्री ने सामूहिक हिंसा को रोकने के लिए सशस्त्र बलों के प्रमुख और पुलिस आयुक्त को तलब किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि हिंसा के कारण अकेले सितंबर में कम से कम 11 लोगों की जान चली गई। स्टॉकहोम में अलग-अलग गोलीबारी में दो लोग मारे गए, और गुरुवार की सुबह उप्साला में एक बम विस्फोट में एक घर में विस्फोट हो गया, जिससे 20 साल की एक महिला की मौत हो गई। प्रधानमंत्री उल्फ ने राष्ट्र के नाम एक टेलीविजन संबोधन के दौरान कहा, यह स्वीडन के लिए एक कठिन समय है। एक 25 वर्षीय महिला कल रात पूरी तरह से सामान्य शाम को बिस्तर पर गई लेकिन कभी जाग नहीं पाई। उन्होंने कहा, हम हिंसा करने वालों को हराएंगे। क्रिस्टरसन ने पिछले साल के चुनाव के बाद लोकलुभावन और आप्रवासी विरोधी स्वीडन डेमोक्रेट के समर्थन से एक केंद्र-दक्षिणपंथी अल्पसंख्यक सरकार का गठन किया, जिससे स्वीडन में सोशल डेमोक्रेट के नेतृत्व वाली आठ साल की सरकार समाप्त हो गई।उनके गठबंधन ने बढ़ती सामूहिक हिंसा को रोकने के वादे पर आंशिक रूप से चुनाव जीता, और इसने पुलिस को अधिक अधिकार और बंदूक अपराधों के लिए कठोर सजा जैसी कई पहल शुरू की हैं। क्रिस्टर्सन ने कहा, यह एक गैरजिम्मेदार आव्रजन नीति और असफल एकीकरण है जो हमें यहां ले आया है। स्वीडन में कई दशकों से उदार आप्रवासन नीतियां थीं और 2015 के प्रवासन संकट के दौरान किसी भी अन्य यूरोपीय राष्ट्र की तुलना में प्रति व्यक्ति अधिक आप्रवासियों को स्वीकार किया गया था।

उन नीतियों को पूर्व सोशल डेमोक्रेट के नेतृत्व वाली सरकार ने उलट दिया था, लेकिन क्रिस्टरसन की सरकार ने उन्हें सख्त कर दिया है।स्वीडन के 10.5 मिलियन निवासियों में से लगभग 20त्न का जन्म विदेश में हुआ था। इससे पहले गुरुवार को, संसद में सबसे बड़ी पार्टी, विपक्षी सोशल डेमोक्रेट्स ने सरकार से कानून में बदलाव करने का आह्वान किया, जिससे सेना को सामूहिक हिंसा को रोकने में मदद मिल सके।

सोशल डेमोक्रेट नेता मैग्डेलेना एंडरसन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह स्वीडन नहीं है, स्वीडन को ऐसा नहीं माना जाता है। क्रिस्टर्सन ने कहा कि उन्होंने विकल्पों का मूल्यांकन करने के लिए राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर को बुलाया था। पुलिस का अनुमान है कि स्वीडन में लगभग 30,000 लोग सीधे तौर पर गिरोह अपराध से जुड़े हैं।

# वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर



अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज मेन्शन 24 में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि राजू गारी गाधी 3 के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा।

अभिनेत्री ने कहा, निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ राजू गारी गाधी 3 में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं।

अविका ने कहा, इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाज़ार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे। सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा। अविका ओटीटी क्षेत्र में कई फिल्मों, थिएटरों और श्रृंखलाओं पर काम कर रही है। उन?होंने कहा, बहुत कुछ हो रहा है, लेकिन मैं इस समय अधिक विवरण साझा नहीं कर सकती। जैसे ही घोषणाएं होनी शुरू होंगी, मैं विवरण साझा करूंगी। मैं इस परिवर्तन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि एक अभिनेता के रूप में आपको विभिन्न प्लेटफार्मों पर बहुत सारे अवसर मिलते हैं और मुझे खुशी है कि मैं उन्हें एक साथ हासिल करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि मैं लगातार हिंदी और तेलुगु में परियोजनाओं पर काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ आना बाकी है। छुट्टियों को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान भी मैं डबिंग कर रही थी। मैं शूटिंग के बाद और उससे पहले अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करती हूं। मैं व्यस्त रहना पसंद करती हूं।

## ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है अखिल अक्किनेनी की फिल्म 'एजेंट'

अखिल अक्किनेनी की स्पाई थ्रिलर फिल्म एजेंट का ओटीटी रिलीज कन्फर्म हो चुका है. हालांकि ये फिल्म थिएटर्स पर कुछ खास नहीं कर सकी. लेकिन अब फिल्म के मेकर्स को उम्मीद है कि ओटीटी से फिल्म को कुछ फायदा मिल सकेगा. फिल्म को करीब 80 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट के साथ तैयार किया गया है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप बनकर रह गई. अखिल अकिनेनी और ममूटी स्टारर ये स्पाई थ्रिलर फिल्म महज दस करोड़ रुपये के आसपास का ही रेवेन्यू बटोर सकी और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. हालांकि फिल्म की रिलीज को कई महीनों बाद ओटीटी रिलीज कन्फर्म होने के साथ ही कुछ उम्मीद भी जागी है. इस फिल्म को लेकर ओटीटी व्यूअर्स में काफी चर्चा भी है. हाल ही में सोनीलिव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म के ओटीटी रिलीज को लेकर जानकारी दी. फिल्म एजेंट को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा गया कि इंतजार खत्म हो चुका है।

# फ्रिज में आटा रख कर आप भी खाते हैं रोटी तो हो जाएं सावधान, नहीं तो हो सकता है यह नुकसान



आजकल के व्यस्त जीवनशैली में, अधिकांश लोग सुबह के लिए आटे की रोटियां तैयार करने के लिए रात को ही आटा गूथ कर फ्रिज में रख देते हैं.

**बैक्टीरिया पनपता है**

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया पनप सकते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. फ्रिज की ठंडक बैक्टीरिया को मारती नहीं है.

**पोषक तत्वों की कमी**

फ्रिज में रखने से आटे में मौजूद विटामिन और मिनरल्स खराब हो सकते हैं जिससे आटे का पोषक मूल्य कम हो जाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपको आटा फ्रिज में रखना ही है, तो उसे 6-7 घंटे से ज्यादा समय तक ना रखें. आटे में कई प्रकार के रसायन पाए जाते हैं. आटे को लंबे समय तक फ्रिज में रखने से ये रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. साथ ही, फ्रिज की हानिकारक किरणें और गैसें आटे में समा जाती हैं, जो आटे के स्वाद और सेहत दोनों के लिए अच्छी नहीं होतीं.

**स्वाद में कमी**

आटे में मौजूद ग्लूटेन फ्रिज में रखने से क्षतिग्रस्त हो सकता है जिससे रोटियां सख्त और गुठली बन सकती हैं. फ्रिज में रखे आटे से बनी रोटियां जल्दी खट्टी हो सकती हैं और स्वाद में अंतर आ सकता है.

फ्रिज में रखने से आटे में नमी जमा हो जाती है जिससे रोटियां चिपचिपी और भारी बनती हैं.

**पेट संबंधित समस्याएं**

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं. इससे पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं. फ्रिज में रखे आटे के गुण बिगड़ते हैं जिससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है. कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.फ्रिज में रखे आटे में एलर्जेन बढ़ सकते हैं जो आंतों में सूजन का कारण बनते हैं.

# ग्रीन थाई स्लिट गाउन पहन अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस की हुस्न की बेबाक अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। हालांकि फैंस उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच तेजी से लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम प पोस्ट करती हैं तो हर वक्त इंटरनेट पर तबाही मच जाती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने ग्रीन कलर की स्टाइलिश थाई स्लिट गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में बेहद ही सिजलिंग एंड हॉट नजर आ रही हैं। फैंस अवनीत कौर की इन तस्वीरों को देखकर एक बार फिर अपना दिल हार गए हैं। अपने बालों का बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को ग्लैमरस तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं।

## मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली की रिलीज तारीख आई सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं।फिल्म में उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।अब इस बीच आंख मिचौली की रिलीज तारीख सामने आ गई है।यह फिल्म इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

फिल्म आंख मिचौली का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं।इसका निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।आशीष वाघ आंख मिचौली के निर्माता हैं।मृणाल की अन्य आगामी फिल्मों की बात करें तो वह पूजा मेरी जान और पिप्पा में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसके अलावा वह तेलुगु फिल्म हाय नन्ना और मटका का भी हिस्सा हैं। उमेश ने फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़ी फिल्में दी हैं। इनमें 102 नॉट आउट, ओह माय गॉड जैसी फिल्में शामिल हैं।इस फिल्म के साथ ही शरमन जोशी काफी लंबे अंतराल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं।

# डिप्रेशन का दूध से है गहरा कनेक्शन, इन चीजों से भी मिल सकता है तनाव से छुटकारा



तेजी से भागती दौड़ती दुनिया में डिप्रेशन और एंजाइटी तेजी से अपने पैर पसार रहे हैं. कामकाज का तनाव,रिश्तों का तनाव हो या कंपटीशन का तनाव, इन सभी चीजों का असर सीधा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. यही कारण है कि डॉक्टर फिजिकल फिटनेस के साथ साथ मेंटल फिटनेस पर भी फोकस करने की सलाह देते हैं. मेंटल फिटनेस की बात की जाए तो आप अपनी डाइट में कुछ बदलाव करके डिप्रेशन और तनाव से छुटकारा पा सकते हैं. ऐसे में हाल ही में कराए गए कुछ अध्ययन कहते हैं कि डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं से बचना है तो डाइट में दूध को एड करने से फायदा मिलता है. चलिए जानते हैं कि दूध पीने से तनाव दूर होने का क्या कनेक्शन है.

डिप्रेशन में दूध पीना कितना फायदेमंद

हाल ही में इस संबंध में हुई एक स्टडी में कहा गया है कि तनाव या डिप्रेशन को दूर रखने के लिए विटामिन डी युक्त डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन लाभ करता है. डेयरी प्रोडक्टस में पाए जाने वाले पोषक तत्व मेंटल डिसऑर्डर को दूर रखने में सहायक होते हैं. इसके साथ ही शरीर में विटामिन डी की कमी से मेंटल फिटनेस पर बुरा असर पड़ता है. ऐसे में अगर शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी की खुराक दी जाए तो मेंटल इलनेस जैसे तनाव, डिप्रेशन, एंजाइटी आदि में लाभ मिलता है. देखा जाए तो दूध सीधा डिप्रेशन पर असर नहीं करता, लेकिन इसके अंदर पाया जाने वाला विटामिन डी डिप्रेशन के जोखिमों को दूर करने में मददगार साबित होता है.

गाजर खाने से भी होगा फायदा

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि केवल दूध ही नहीं गाजर के सेवन से भी डिप्रेशन के लक्षणों में कमी आती है. गाजर में पाया जाने वाला बीटा कैरोटीन अवसाद में फायदा करता है और इससे मेंटल फिटनेस भी अच्छी होती है.

हरी पत्तेदार सब्जियां भी करती हैं लाभ

हरी पत्तेदार सब्जियों में पाया जाने वाला फोलेट डिप्रेशन से बचाने में सहायक साबित होता है. इन सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व तनाव और मेंटल इलनेस को दूर करते हैं. इसलिए रोज डाइट में एक ना एक हरी और पत्तेदार सब्जी जरूर शामिल करनी चाहिए.

# फिल्म एनिमल से बॉबी देओल की पहली झलक आई सामने



तेलुगु डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी की आने वाली चर्चित फिल्म एनिमल से एक्टर बॉबी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया गया है, जिसमें उनका विलेन के रूप में काफी खुंखार रूप दिख रहा है।फिल्म एनिमल का टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसके पहले एक्टर्स का लुक शेयर करने का सिलसिला शुरू हो गया है। फिल्म 1 दिसंबर को रिलीज होगी। इससे पहले रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना का पोस्टर शेयर किया जा चुका है। तब लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वही, अब बॉबी देओल का क्रूर लुक सामने आया है। नए पोस्टर में बॉबी देओल का उग्र व्यक्तित्व की झलक दिख रही है, जो उन्हें फिल्म के नायक के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनेगा। इस पोस्टर में बॉबी के धांसू लुक को देख लोग मेकर्स की काफी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म एनिमल के इस नए पोस्टर में बॉबी देओल का चेहरा खून से सना दिख रहा है। एक्टर इसमें इशारे से चुप रहने का संकेत दे रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर नहीं लग रहा गदर 2 का ब्रेक, 46 दिन बाद भी कमाई कर रही है सनी की फिल्म

सनी देओल स्टारर फिल्म 'गदर 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन फिल्म का क्रेज अब भी ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और फिल्म की कमाई बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है. हालांकि 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई शाहरुख खान की जवान ने 'गदर 2' की कमाई को काफी प्रभावित किया. लेकिन सनी की फिल्म ने शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज के आगे घुटने नहीं टेके और जवान नाम के तूफान का डटकर मुकाबला किया. फिलहाल रिलीज के 7वें हफ्ते में पहुंच चुकी 'गदर 2' अब भी टिकट खिड़की पर कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' ने अपनी रिलीज के 46वें दिन यानी सातवें सोमवार को कितना कारोबार किया?

अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'गदर 2' साल 2001 में आई टगदर एक प्रेमकथाट की सीक्वल है. 'गदर 2' को भी ऑडियंस से भरपूर प्यार मिला और ये फिल्म साल 2023 की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. बता दें कि इस लिस्ट में 'जवान' नंबर वन की पोजिशन पर है जबकि शाहरुख खान की ही 'पठान' दूसरे नंबर पर काबिज है.

वहीं 'गदर 2' की कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले हफ्ते 284.63 करोड़, दूसरे हफ्ते 134.47 करोड़, तीसरे हफ्ते 63.35 करोड़, चौथे हफ्ते 27.55 करोड़ रुपये, पांचवें हफ्ते 7.28 करोड़ रुपये और छठे हफ्ते 4.72 करोड़ रुपये कलेक्शन किया था. वहीं सातवें शुक्रवार को फिल्म ने 34 लाख, सातवें शनिवार 47 लाख और सातवें संडे 67 लाख की कमाई की थी. इसी के साथ अब फिल्म की रिलीज के 46वें दिन यानी सातवें सोमवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'गदर 2' ने रिलीज के 46वें दिन यानी सातवें सोमवार को 51 लाख रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'गदर 2' की 46दिनों की कुल कमाई अब 523.99 करोड़ रुपये हो गई है.



## शब्द सामर्थ्य -199


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**


1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 198 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# दुनियाभर में चला जवान का जादू! शाहरुख खान की फिल्म ने वर्ल्डवाइड पार किया 1000 करोड़ का आंकड़ा



शाहरुख खान की फिल्म जवान दुनियाभर में एक के बाद एक नए रिकॉर्ड बना रही है. जहां फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है तो वहीं अब जवान वर्ल्डवाइड भी 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर जवान के 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने की जानकारी दी है. जिसके मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1004.92 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. बता दें कि इससे पहले शाहरुख खान की जनवरी में रिलीज हुई फिल्म पठान ने भी 1055 करोड़ की कमाई की थी. अब जवान के जरिए किंग खान अपना ही ये रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद नजदीक पहुंच गए हैं. शाहरुख खान की एक ही साल में आई दो फिल्मों पठान और जवान ने 1000 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर रिकॉर्ड बनाया है. शाहरुख खान ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं. अब किंग खान की तीसर फिल्म डंकी भी इसी साल बड़ पर्दे पर रिलीज की जाएगी. राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी फिल्म डंकी में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू भी नजर आएंगी. ये फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. जवान की बात करें तो फिल्म में शाहरुख खान के कई रूप नजर आए हैं. फिल्म में राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को उठाय गया है. जवान में शाहरुख खान के साथ साउथ एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में दिखाई दी हैं. उन्होंने एक कॉप का किरदार निभाया है. वहीं फिल्म में रिद्धि डोगरा, सान्या मल्होत्रा, लहर खान और प्रियामणि ने भी अहम रोल अदा किए है. इसके अलावा दीपिका पादूकोण का एक खास कैमियो भी है।

# समृद्ध है छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता :डा. महंत

## 1200 सदस्यों की मौजूदगी में संपन्न हुआ छग श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रादेशिक सम्मेलन





**कोरिया।** समृद्ध है छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता, जिनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। यहां काम करने की स्वतंत्रता,मौलिकता और सामाजिक समरसता की विचारधारा है.ग्रामीण पत्रकारिता भी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सजग प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका महती ढंग से निभा रही है। आगामी दिनों होने जा रहे हैं चुनाव के परिवेश में आपकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। सम्मेलन का सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उक्त विचार मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने व्यक्त किये। श्री महंत ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की जम्मकर तारीफ की उन्होंने कहा कि मेरे लिए शौभाग्य का पल है कि आज प्रदेश के कोने कोने से आए पत्रकारों से मिलने का अवसर मिला ये बहुत सराहनीय है कि आपके प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एक एक पत्रकार को नाम से जानते है इतनी विशाल उपस्थिति वंदनीय है

राजधानी रायपुर के निरंजन धर्मशाला में आयोजित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रादेशिक सम्मेलन में पूरे प्रदेश भर से पत्रकार जुटे थे। सांसद सुनील सोनी,सांसद संतोष पांडे,खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी,विधायक इंदु बंजारे,शाकमभरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल,पूर्व विधायक लाभचंद बाफना,क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। उत्तराखंड व कुछ अन्य प्रदेश से श्रमजीवी पत्र संघ के पदाधिकारी भी शामिल होने के लिए विशेष रूप से पहुंचे हुए थे।

लंबे समय बाद हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सम्मेलन के उत्साह का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 1200 सदस्यों की मौजूदगी रही। छत्तीसगढ़ के हर जिला व ब्लाक मुख्यालय से संघ के सदस्य शामिल हुए। स्वागत भाषण में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संघ का हर साल वार्षिक प्रादेशिक सम्मेलन होता है जो कोरोनाकाल के चलते नहीं हो पाया था। संघ की मांग पर राज्य सरकार ने अधिकांश मांगे पूरी की है इसके लिए हम आभारी है। जो मांगे लंबित रह गई है विधानसभा चुनाव के बाद पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने कहा कि अच्छा लगा ऐसे आयोजन में आकर जहां पूरे प्रदेश भर से लोग आए और खास बात ये कि आपके अध्यक्ष सभी सदस्यों का नाम व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ के पूरे प्रदेश भर से एकत्रित इतनी बड़ी संख्या में जुटे पत्रकारों के सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। जिस प्रकार विधानसभा अध्यक्ष डा.महंत सदन में पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर संतुलित ढंग से संचालन करते हैं,उसी प्रकार आपकी कलम भी निर्विवाद रूप से सभी पक्ष के लिए चले। क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष व उत्कल ब्राम्हण समाज के प्रमुख पुरंदर मिश्रा ने अगला सम्मेलन जगन्नाथ मंदिर गायत्रीनगर में करने का आमंत्रण दे दिया। केवल सम्मेलन में ही शामिल होने के लिए राजनांदगांव से पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने पत्रकारिता व पत्रकार की भूमिका को लेकर काफी गंभीर बातें कहीं। सांसद सुनील सोनी ने स्व.मधुकर खेर को याद करते हुए कहा कि निष्पक्ष व निर्भिक लेखनी होगी तो किसी के सामने भी आपको झुकने की जरूरत नहीं। विधायक श्रीमती इंदु बंजारे ने कहा कि जब कहीं न्याय लोगों को नहीं मिलता है तो वे मीडिया के पास जाते हैं और आप उनके इस भरोसे को बनाये रखें। वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी ने छत्तीसगढ़ का विकास और पत्रकारिता पर विशेष संबोधन दिया। आभार प्रदर्शन संघ के सरंक्षक ब्रजेश चौबे ने व्यक्त किया और मंच संचालन प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा व मुकेश गर्ग ने किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव विश्वदीपक राई, कोषाध्यक्ष अनिल पवार,प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा,उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रदेश सचिव मृत्युंजय चतुर्वेदी संभागीय अध्यक्ष विनोद शर्मा जिला अध्यक्ष कोरिया कृष्ण विभूति तिवारी जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर राम बरनवाल विनीत जायसवाल लक्ष्मी जयसवाल नीरज गुप्ता द्रोणाचार्य दुबे दुलाल दे नरेश यादव अनिल पांडे जगजीत सिंह ग्रेवाल राम देवांगन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन की सुविधा से जरूरतमन्द हो रहे लाभान्वित

### महंगे शुल्क से मिली छुटकारा, रियायती दर पर हो रही है जांच



**कोरिया।** विगत पौने पांच बरस में राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसरंचना के विकास पर जोर दिया है तो गांव व आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों को रियायती व निशुल्क जांच, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा मिलने से स्थानीय व आसपास के मरीजों को काफी लाभ मिलने लगा है। स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा के लिए लगातार मांग की जा रही थी। जिला प्रशासन ने आम लोगों की जरूरत और भावनाओं के ध्यान रखते हुए तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बता दें सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन के लिए पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी. एस. आर. मद से जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 3 करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई थी।एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.एस.आर मद के तहत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तो के अनुरूप क्रय समिति का गठन किया गया था। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 ( यथा संशोधित 2022 ) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। उक्त सीटी स्कैन के संचालन हेतु दो रेडियोग्रॉफर का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज एवं डी.के.एस. सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है। सीटी स्कैन का रिर्पोटिंग रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से कराया जा रहा है। स्थापित सीटी स्कैन मशीन के साथ तीन वर्ष का वॉरंटी के अतिरिक्त तीन साल का सी.एम.सी. की सुविधा भी है, जिससे मशीन में यदि कोई भी तकनीकी दिक्कत आने से तत्काल समय-सीमा में उपकरण सहित सुधार कार्य कराया जा सके। विदित हो कि जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन भारत सरकार परमाणु ऊर्जा नियामक परिसर विकिरण संरक्षा प्रभाग से अनुमोदित है। विगत वर्षो से देश के विभिन्न शहरों में यह सीटी स्कैन मशीन स्थापित किया गया है।

# कलेक्टर ने बैंक प्रबन्धकों से कहा जरूरतमन्द को प्रदान करें लोन



**कोरिया/बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में सभी बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक ली। यहां उन्होंने सभी बैंकर्स को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद को बैंक द्वारा लाभान्वित किया जा सके। बैठक में पिछले तिमाही जून 2023 में बैंकों की उपलब्धि और शासकीय योजनाओं के तिमाही लक्ष्य एवं उपलब्धि पर बैंकवार प्रगति की समीक्षा की। प्राप्त ऋण प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैंकिंग विकास के आंकड़ा, वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति, अंत्याव्यवसायी स्वरोजगार आदिवासी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैंकों के काम-काज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, बैंक में लंबित प्रकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण अनुदान स्वीकृत करना सभी शाखा प्रबंधकों का दायित्व है। श्री लंगेह ने क्रियान्वयन एजेंसी विभाग और बैंक अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाने और हितग्राहियों को बार-बार बैंक व कार्यालयों के चक्कर लगवाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। बैठक में बैंकर्स द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से ऋण के प्रकरण और लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अपनाई जाने वाली कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी, शिक्षा ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण सहित अन्य ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए ऋण वितरित करने की बात कही। साथ ही ऋण के आवेदनों में किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी होने पर संबंधित विभाग को सूचित कर दस्तावेज की पूर्ति अनिवार्य रूप से करा लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी बैंकों को शतप्रतिशत शासकीय ऋण योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रकरणों में तेजी से ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। बैठक में आधा-अधूरे जानकारी के साथ उपस्थित होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई, भविष्य में समुचित जानकारी के साथ बैठक में आने को निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड - कृषि, पशुपालन, मत्स्य और पी.एम स्वनिधि के अंतर्गत बैंक ऋण स्वीकृति संतोषप्रद न होने पर भी नाराजगी प्रकट किया गया। बैंकों की ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी पुराने प्रकरणों का निराकरण करने के लिए बैंकों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने सूदखोरी व पात्र हितग्राहियों को ऋण देने में हीलाहवाली की जानकारी मिलने पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

उन्होंने सामुदायिक और हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष लोन कैम्प आयोजित करने को कहा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता ने ऋण प्रदाता विभाग व बैंक कर्मियों से कहा कि हितग्राहियों के साथ सहयोग करें, उनके साथ बातचीत अच्छे से करें क्योंकि मजबूरी में ऋण लिया जाता है, ऐसे में आपके व्यवहार से प्रशासन व बैंक की छवि बनती है। जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ आशुतोष चतुर्वेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया रणधीर सिंह, भारतीय रिज़र्व बैंक रायपुर प्रबंधक एस. बसके , नाबार्ड से एस. प्रधान, एल. डी, एम प्रकाश कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एम. बारा सहित बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संसदीय सचिव ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

**सूरजपुर।** भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े कुदरगढ़ पहुंचे माँ कुदरगढ़ी के चरणों मे माथा टेक इन्दरपुर चौक से कुदरगढ़ पहुंच मार्ग सड़क चौड़ीकरण 7.74 किलोमीटर एंव पुलिया निर्माण लागत 31 करोड़ 29 लाख रुपए के लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जिसके बाद करीं कुप्पी से धरसेड़ी पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य के शुभारंभ हेतु रवाना हुए। करीं कुप्पी में निवासरत लोग ने अपनी समस्या श्री पारसनाथ राजवाड़े के पास रखी जिसे उन्होने गंभीरता से सुना। उन्होने उपस्थित जनों से कहा कि आपके राषन आपके गांव पहुचेगा आपको 6 किलोमीटर दूर राशन लेने हेतु अन्य ग्राम में नहीं जाना पड़ेगा जिस पर तत्परता पूर्वक कार्य करते हुए विधायक राजवाड़े ने कार्य स्वीकृत कराया टेंडर पश्चात 16 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाले सड़क की लम्बाई 14.10 किलोमीटर के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

# पशुपालक टीकाकरण में करें सहयोग



**कोरिया बैकुंठपुर।** ब्रुसेल्लोसिस कन्ट्रोल प्रोग्राम के द्वितीय चरण के तहत पशुधन विकास विभाग, जिला कोरिया द्वारा मादा पशुओं में होने वाली बांझपन एवं गर्भपात की बीमारी को नियंत्रण करने हेतु 4 से 8 माह की मादा वत्सो में ब्रुसेल्लोसिस का टीकाकरण कार्य व्यापक रूप से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में पशुधन विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, गौ-सेवक घर-घर जाकर ऐसे रोगों से ग्रस्त पशुओं का चिन्हांकन कर टीकाकरण कार्य किया जा रहा है।

बता दें ब्रुसेल्लोसिस गाय, भैंस, भेड़, बकरी, शुकर एवं कुत्तों में फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी हैं। ये एक प्राणीरूजा अथवा जीव जनति (र्ववदवजपब) बीमारी है जो पशुओं से मनुष्यों एवं मनुष्यों से पशुओं में फैलने की आशंका बनी होती है। इस बीमारी से ग्रस्त पशु 7-9 महीने के गर्भकाल में गर्भपात हो जाता है। ये रोग गौठान व पशुशाला में बड़े पैमाने पर फैलता है, जिससे पशुओं में गर्भपात हो जाता है जिससे पशुधन की हानि होती है। इस रोग से मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। 'ब्रुसेलोसिस रोग का कारण' गाय, भैंस में ये रोग ब्रूसेल्ला एबोरटस नामक जीवाणु द्वारा होता है। ये जीवाणू गाभिन पशु के बच्चेदानी में रहता है तथा अंतिम तिमाही में गर्भपात करता है। एक बार संक्रमित हो जाने पर पशु जीवन काल तक इस जीवाणु को अपने दूध तथा गर्भाशय के स्त्राव में निकलता है। 'संक्रमण का मार्ग' पशुओं में ब्रुसेल्लोसिस रोग संक्रमित पदार्थ के खाने से, जननांगों के स्त्राव के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्षण संपर्क से, योनि स्त्राव से, संक्रमित चारे के प्रयोग से तथा संक्रमित वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान द्वारा फैलता है। प्रायः यह देखा जाता है कि मनुष्यों में ब्रुसेल्लोसिस रोग सबसे ज्यादा रोग ग्रस्त पशु के कच्चे दूध पीने से फैलता है। इसके अलावा गर्भपात होने पर पशु चिकित्सक या पशुपालक असावधानी पूर्व जेर या गर्भाशय के स्त्राव को छूते है, जिससे ब्रुसेल्लोसिस रोग का जीवाणु त्वचा के किसी कटाव या घाव से शरीर में प्रवेश कर जाता है। पशुओं में ब्रुसेल्लोसिस रोग के 'लक्षण' जो देखने को मिलते हैं, पशु का तीसरी तिमाही (6-8 महीने) में गर्भपात हो जाता है। मरा हुआ बच्चा या समय से पहले ही कमजोर बच्चा पैदा होता है।दूध की पैदावार कम हो जाती है। पशु बाँझ हो जाता है । नर पशु में वृषणों में सूजन हो जाती है प्रजनन शक्ति काम हो जाती है द्यसूअर में गर्भपात के साथ जोड़ो और वृषणों में सूजन पाई जाती हैद्य भेड़, बकरियों में भी गर्भपात हो जाता है। वहीं मनुष्यों में ब्रुसेल्लोसिस ग्रस्त पशुओं के दूध सेवन करने से बुखार का रोज बढ़ना और घटना इस बीमारी का मुख्य लक्षण है। थकान, कमजोरी लगना, रात को पसीना आना और शरीर में कंपकपी होना, भूख न लगना और वजन घटना, पीठ एवं जोड़ो में दर्द होना भी लक्षण होते हैं। ब्रुसेल्लोसिस टीकाकरण के दौरान सुरक्षात्मक तरीकों का पालन किया जाना आवश्यक होता है। पशुधन विकास विभाग ने जिले के पशुपालकों से आग्रह किया है अधिक संख्या में अपने 4 से 8 माह के मादा वत्सो में टीकाकरण का कार्य अवश्य कराएं ताकि पशुधन में होने वाले इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सके। साथ ही ऐसे पशुओं के रखरखाव, चारे आदि की व्यवस्था उचित ढंग से किया जाए ताकि इस बीमारी का प्रकोप मनुष्य पर असर न हो।

## 33/11 केव्ही नवीन उपकेन्द्र गोविंदपुर का ऊर्जीकरण

**सूरजपुर।** विगत वर्ष 6, 7, 8 मई 2022 को माननीय मुख्यमंत्री के जिला- सूरजपुर अंचल में भेंट मुलाकात जन चौपाल के दौरान की गई घोषणा के परिपालन में छ.ग.स्टे.पा. डि.क.लि. उप संभाग प्रतापपुर के गोविंदपुर में 33/11 के.व्ही. नये उपकेंद्र का लोकार्पण आज गुरुवार को अध्यक्ष योजना आयोग एवं विधायक डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम अतिथियों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस उपकेंद्र के निर्माण में 33 के.व्ही. के 07 कि.मी. और 11 के.व्ही. के 6 कि.मी. लाइन एवं 1.3.15 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर, लागत 270.16 लाख का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना 76 के अंतर्गत स्थापित कर उर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र के उर्जीकरण से गोविंदपुर के आसपास के संबंधित 16 ग्राम पंचायत के ग्राम गोविंदपुर, नरोला, घुमाडांड, कटरा, डकई, करचोला, बोंगा, बड़वार, बरगीडीह, भेलकछ के 2230 विद्युत उपभोक्ता, किसानों को समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणवत्तापुर्ण बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 18 पदक हासिल कर रोशन हुआ सूरजपुर

**सूरजपुर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन 27 सितंबर को रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में संपादित हुआ। जिसमें सूरजपुर जिले के 141 खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसमें 65 पुरुष व 76 महिला खिलाड़ियों ने 16 खेलों में अपनी प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन किया।

जिसमें खिलाड़ियों द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 पदक हासिल किया गया। जिसमें 06 गोल्ड, 04 रजत और 08 कांस्य से पदक खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्राप्त हुए। जिले के लिए यह भी उपलब्धि रही कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाली जिलों में सूरजपुर में सबसे ज्यादा 18 पदक हासिल किया। संभाग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों स्तर में सर्वाधिक पदक सूरजपुर जिले ने प्राप्त किया। जिले का रस्सी कूद, बांटी कंचा, सांगली, लंगडी दौड़ और बिल्लस जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा। इस पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के खिलाड़ी सम्मिलित हुए जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने 18 पदक हासिल कर सूरजपुर का मान बढ़ाया है। जिसके लिए उन्होंने खेल विभाग व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन को सफल बनाने वाले सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

## कबाड़ से जुगाड़ विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य बाबूलाल राजवाड़े, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल, बीआरपी सुदर्शन राजवाडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बाबूलाल राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के सभी मॉडलों की प्रशंसा की और छात्रों को शिक्षित व चरित्रवान बनने की प्रेरणा दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये चन्द्रयान जैसे खोज में उनकी सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार पोर्ते और बीआरसी श्री मनोज कुमार मंडल के द्वारा अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के शैक्षणिक मॉडलों की प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा की प्रशंसा करते हुए इसकी उपयोगिता अध्ययन अध्यापन एवं कक्षा के विषय वस्तु के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

जिसमें विकासखंड के संकुलों से विज्ञान गणित और प्रौद्योगिकी के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सभी संकुलों से शिक्षको ने एक से एक बढ़कर विज्ञान गणित और प्रौद्योगिकी के मॉडल प्रदर्शित किया गया। सभी मॉडलों का निरीक्षण निर्णायक व्याख्याता राजेश सिंह, राधेश्याम सोनी, मुनव्वर हुसैन अंसारी के द्वारा किया गया। जिसमें गणित में प्रथम सुनीता यादव, दातिया, 2 द्वितीय संतोष केरकेट्टा, संकुल केंद्र करवा, विज्ञान में प्रथम ज्योति साहू नावापारा, द्वितीय योगेश कुमार कश्यप बसदेई, प्रौद्योगिकी में प्रथम स्थान ज्योति सिंह कन्दरई 2, द्वितीय प्रिया चौहान अजब नगर 1 नें स्थान प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथी सभी संकुलो के प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अनुज नारायण दुबे, अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल ,जितेंद्र कुमार साहू ,शिवचंद साहू, संदीप कुमार कुशवाहा, रोशन लाल साहू, सहदेव राम रवि कीर्ति कौशल दुबे मुन्ना प्रसाद सोनी उपस्थित थे।

### मात्रक त्रुटि से बर्खास्त किये गये 32 श्रमवीरों को पीएफ, ग्रेजवटी. देकर पेंशन की प्रक्रिया पर लगी मुहर

# उत्कल समाज ने विधायक का आत्मीय सम्मान कर बताया जन नायक

## पेट की भूख मिटाने वाला व्यक्ति ईश्वर का दूसरा रूप होता है

**चिरमिरी।** उत्कल समाज चिरमिरी द्वारा बुधवार को मनेंद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल का शहर के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी यातायात चौक में आत्मीय सम्मान करते हुए उन्हें ईश्वर का दूसरा रूप बताया और कहा की जो व्यक्ति पेट की भूख को मिटा दे वह कोई समान व्यक्ति नहीं हो सकता. विधायक के द्वारा हम सभी के परिवार वालो की पेट की भूख मिटाया जिसको हम क्या हमारे पूर्वज भी नहीं भूल सकते. अपने जीवन काल में कोयले की खान से कोयले को निकाल कर हमने देश को विकास की नई उचाईयों तक ले जाने में अपना कदम बढ़ाने का कार्य किया पर स्थानीय दलालो के द्वारा हमारे नामो में केवल मात्राओ की त्रुटि को आधार बना कर हमे हमारी नोकरी से हटवा दिया हमारे परिवार को सड़क पर लाने का काम किया बीते पांच वर्षो में हमने अपने परिवार के साथ कैसे अपना जीवन का गुजारा किया यह या तो हम जानते है या यह हमारे विधायक विनय जायसवाल जानते है । यह सम्मान तो केवल दिख रहा है पर हम और हमारे परिवार के दिलों वह स्थान विधायक को मिला है जो हमारे मुख से बोला नहीं जा सकता यह कर्ज हम कभी चुना नहीं सकते है।

जानकारी अनुसार , एस ई,सी एल चिरमिरी क्षेत्र में निवास रथ मात्रात्मक त्रुटि के कारण 32 श्रमिकों के बर्खास्तगी के बाद विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा लगातार एस सी ई एल, प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन और पत्राचार के बाद भविष्य निधि (पीएफ) एवं पेंशन राशि मिलने पर आज सभी श्रमिक भाईयो और उत्कल समाज के प्रबुद्ध जनों ने सम्मान समारोह का आयोजन स्कुल ग्राउंड हल्दीबाड़ी में आयोजित कर मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल को सम्मानित किया, सम्मान कार्यक्रम में उपस्थिति विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि आप लोगो ने मेरा मान बढ़ाया उसका सदैव मैं ऋणी रहूंगा आप सभी का विशेष स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद ही मेरी ताकत है मुझे आज खुशी है की मैंने आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्रवासियों के प्यार और आशीर्वाद से एक बड़ी जीत हासिल की है मैं हर पल,हर वक्त,हर निर्णय और हर परिस्थिति में क्षेत्र हित की लड़ाई सदैव लड़ता रहूंगा और गरीब जनता की लड़ाई लड़ता रहूंगा । आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी चिरमिरी में विकास अभूतपुर रहेगा चिरमिरी की जनता का जो प्यार मुझे मिला उसे मैं सदैव नहीं भूल सकता हमेशा आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यूं ही चलता रहूंगा। बहरहाल इस सम्मान आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह देखने को मिली की उत्कल समाज के पुरुषो के साथ उनके घर की महिलाएं और छोटे छोटे बच्चे भी विधायक को सम्मान देने की होड़ लगी रही हर कोई विधायक से एक बार मिलना उनसे बात करना चाह रहा था जो पुरे कार्यक्रम में एक भावुक पल था ।





# अमृतकाल : पॉवर हब के कई गांव दूसरे जिले से बिजली लेने को मजबूर

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** कोरबा जिला गठन के 25 वर्ष पूरे होने और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पृथक से वितरण कंपनी का संभाग बनाए जाने के बाद भी कोरबा जिले के अनेक ग्रामों की बिजली के मामले में स्वतंत्रा नहीं हो सकी है। अभी भी ऐसे गांव रायगढ़ जिले के उपकेन्द्र से बिजली प्राप्त करने को मजबूर है, इस चक्कर में कई प्रकार की समस्याएं पेश आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है इस समस्या को जानने व समझने के बाद भी वितरण कंपनी जरूरी कदम नहीं उठा रही है और प्रशासन भी खामोश है।



कोरबा जिले के विकासखंड कोरबा के अंतर्गत अनेक गांव बिजली को लेकर कई प्रकार की समस्याओं को लेकर दो चार हो रहे हैं। जिल्गा, बरपाली, समरकना, श्यांग, लबेद, पसरखेत, कुदमुरा, चुहिया, गीतकुंवारी, गिरारी समेत 20 से अधिक गांव को पिछले कई वर्षों से कोरबा जिले के बजाय रायगढ़ जिले के अंतर्गत हाटी के उपकेन्द्र व नजदीकी फीडर से बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। जबकि संबंधित गांव के आसपास ही सीएसईबी के द्वारा सबस्टेशन तैयार करा दिया गया है। माना जा रहा है कि अधोसंरचना बेहतर होने से कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बनी लो वोल्टेज और अन्य परेशानियों का सामना हो सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बताया जाता है कि अभी भी हर दिन 3-4 घंटे बिजली गुल हो रही है । ऐसे में घरेलु और व्यवसायिक कार्यों पर भारी असर पड़ रहा है। जब कभी बिजली आती भी है तो उसका वोल्टेज इतना कम होता है कि सामान्य कामकाज करने में असुविधा होती है। ग्रामीणों और इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सीएसईबी को समस्या बतायी जा चुकी है लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं किया गया। लोगों की मांग है कि जिन तकनीकी कारणों से समस्या बनी हुई है, उसे अविलंब दूर करने पर काम होना चाहिए।

प्रदर्शन के बाद भी नतीजे नहीं

इस मसले को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कलेक्टर के जनदर्शन में आवेदन दिए हैं, वहीं कई अवसर पर प्रदर्शन भी किया है। हर बार लोगों को आश्वासन दिया गया कि फीडर चेंज करने के साथ पुराने केबल को बदलने की कार्यवाही एक पखवाड़े या महीने भर में कर ली जाएगी। लंबा समय बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस है। लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बीतने पर रामपुर विधानसभा क्षेत्र के इन इलाकों में बिजली का जो हाल है आखिर इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए।

# 50 हजार के पटाखे सहित पिकअप बोलेरो जब्त



**कोरबा।** अंतरजिला से भारी मात्रा में 50 हजार कीमती पटाखों को लेकर जा रहे आरोपी को दीपका पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से परिवहन में उपयुक्त बोलेरो एवं पटाखों को विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय पेश किये जाने के तारतम्य में वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनोहरपुर थाना लालपुर जिला मुंगेली निवासी राजा साहू उम्र 25 पिता रामस्नेही साहू कल देर शाम अपने पिकअप बोलेरो क्रमांक सीजी-12एपी-1572 में पांच कार्टूनों में भरा हुआ 50 हजार रुपए कीमती पटाखा लेकर दीपका होते हुए जा रहा था। इसी दौरान वह तिवरता पंट्रोल पंप पर वाहन में इंधन डलवाने के लिए पहुंचा उसके पिकअप वाहन में भारी मात्रा में पटाखे देखकर मुखबिर ने दीपका टीआई अश्वनी राठौर को सूचना दे दी। जिसके बाद टीआई श्री राठौर ने अपने थाने के एएसआई धनंजय सिंह नेटी को हमराह स्टाफ के साथ तिवरता पेट्रोल पंप रवाना किया। बताया जाता है कि पुलिस की टीम जैसे ही वहां पहुंची आरोपी राजा साहू वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी कर एएसआई नेटी एवं उनके हमराह स्टाफ ने पकड़ लिया। वाहन को थाने लाकर तलाशी ली गई तो उसमें रखे पांच कार्टूनों में 50 हजार रुपए कीमती विभिन्न प्रकार के विस्फोटक पटाखे रखे हुए थे।



जिसे दीपका पुलिस ने अपराध क्रमांक 323/23 धारा 286 भादवि एवं 9ख विस्फोटक अधिनियम के तहत जब्त कर लिया। प्रकरण में विवेचना कार्रवाई जारी है। इसके अलावा इस मामले में अवैध रूप से पटाखे परिवहन करने में उपयुक्त पिकअप वाहन को भी पुलिस ने जब्त किया है।

## उच्च शिक्षा के ऋण को करें ब्याज मुक्त, उठी मांग

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी ओर से प्राथमिक तैयारी को तेज कर दिया है। जगह-जगह भ्रमण करने के साथ नागरिकों से संवाद किया जा रहा है और उनकी आवश्यकताओं को जानने की कोशिश की जा रही है। इधर मांग उठ रही है कि तकनीकी, चिकित्सा, कंप्यूटर और अन्य क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए दिए जाने वाले ऋण को ब्याज मुक्त किया जाना चाहिए।

गायत्री शक्तिपीठ के पास व्यवसाय संचालन से जुड़े गौरीशंकर अग्रवाल ने सरकार व राजनीतिक दलों का ध्यान इस तरफ आकर्षित किया है। उन्होंने कहां है कि मुफ्त की योजनाएं किसी भी राज्य और वहां के नागरिकों के लिए बेहतर नहीं हो सकती क्योंकि ऐसा करने से राजकोषीय घाटा बढ़ेगा और यह सरकार के वित्तीय स्वास्थ्य को कमजोर करेगा । जरूर इस बात की है कि लोगों को सम्मान से जीने की प्रेरणा दी जाए और दूसरे माध्यम से उसकी सहायता करने का विचार आगे बढ़ाया जाए। शारदा सेल्स के संचालक गौरीशंकर अग्रवाल ने शिक्षा क्षेत्र पर फोकस करते हुए मांग की है कि हायर सेकेंडरी के बाद विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के सामने धनराशि की व्यवस्था करना सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इसके लिए वे राष्ट्रीयकृत बैंकों से शिक्षा ऋण प्राप्त करते हैं जिसे नियम शर्तों के साथ लौटाना होता है। ऐसे मामलों में विद्यार्थियों के अभिभावकों को काफी राशि ब्याज के रूप में अदा करनी होती है जो उन पर बहुत बड़ा बोझ होती है। छात्रों को लेकर कहां जाता है कि वह देश का भविष्य है और उनकी भूमिका आने वाले वर्षों के लिए बेहद निर्णायक होती है। इस बात को मुख्य रूप से ध्यान में रखते हुए सरकार के साथ-साथ राजनीतिक दलों के विद्वान लोगों को चाहिए कि वह अपने स्तर पर इस दिशा में पहल करेगी शिक्षा ऋण को ब्याज मुक्त किया जाए। प्रदेश और केंद्र की सत्ता पर जो भी सरकार काबिज हो , उसे कम से कम शिक्षा ऋण को ब्याज मुक्त करने के बारे में गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। यह कदम विशेष रूप से छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए राहत देने वाला होगा।

## सिंघिया में कांग्रेस ने संकल्प शिविर किया कार्यकर्ताओं के लिए



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सभी जिलों में संकल्प शिविर का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम सिंघिया में कांग्रेस के विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने, बूथ मैनेजमेंट और सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम सिंघिया में शुक्रवार को कांग्रेस के विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्सना महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, राज्य गौ सेवा आयोग सदस्य प्रशांत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर कार्यक्रम में शामिल हुए। दीपक बैज ने विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संकल्प शपथ दिलाया. कार्यक्रम के दौरान गुलाब कमरों ने पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आवाहन किया.

*कोरबा। बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश भर में रैली निकाली गई थी। दशहरा पूर्व बोनस की मांग भी की जा रही है।

## महिला मोर्चा के कार्यकर्ता भी जाएंगे बिलासपुर

**कोरबा।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोरमा शर्मा, श्रीमती मंजू सिंह के नेतृत्व में भी महिलाएं बिलासपुर में आयोजित देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सभा में जाएंगी। कटघोरा विधानसभा व कोरबा के कार्यकर्ताओं को सभा में जाने के लिए कहा गया है। दोनों विधानसभा क्षेत्रों को लक्ष्य भी दिया गया है। तानाखार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला सह प्रभारी गोपाल साहू के द्वारा ली गई थी। इस क्षेत्र के कार्यकर्ता भी सभा में जाएंगे। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, अजय कंवर, सुभाष राठौर, उत्तम रंधावा, प्रीति स्वर्णकार की तैयारी कर रहे हैं।

## पत्नी भगाने को लेकर चार लोगों ने कर दी बेरहमी से पिटाई

**कोरबा।** जिले के दीपका थानांतर्गत ग्राम सिरकी में पत्नी भगाने के विवाद को लेकर चार लोगों ने मिलकर एक की बेरहमी से पिटाई करते हुए उसे सिर पर संघातिक प्रहार किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिरकी थाना दीपका निवासी त्रिलोक चौहान उम्र 35 पिता कृपाराम चौहान की पत्नी पिछले दिनों घर से गायब हो गई थी। उसी समय त्रिलोक चौहान के परिवार के सदस्यों का शक था कि उसकी पत्नी भगाने में पवन कुमार चौहान उम्र 39 पिता खीकराम चौहान की मुख्य भूमिका है और उसी ने उसे बहला-फुसलाकर ले जाकर कहीं रखा है। कुछ दिनों बाद त्रिलोक की पत्नी वापस आई तभी से इन दोनों के परिवारों के मध्य विवाद चलते आ रहा था। बताया जाता है कि कल त्रिलोक चौहान और पवन कुमार चौहान के आमने-सामने होते ही पुराना विवाद ताजा हो गया और त्रिलोक ने अपने परिवार के विश्राम चौहान पिता घासीराम चौहान, भरत चौहान तथा सुमित्रा बाई पति विश्राम चौहान व एक के साथ मिलकर पवन कुमार की बेरहमीपूर्वक पिटाई करते हुए उसका सिर फोड़ दिया। इस घटना की रिपोर्ट पीड़ित पवन कुमार द्वारा किये जाने पर दीपका पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 322/23 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत एकराय होकर मारपीट किये जाने पर जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## पूजा अर्चना के बाद चतुर्दशी को विसर्जित हुईं गणेश प्रतिमाएं



**हरदी बाजार।** आमगांव के रामनगर निवासी एकता वी भाई चारा के प्रतीक के साथ अपने घरों में श्री गणेश जी बैठाया गया था जो की दस दिनों तक भगवान श्री गणेश जी का पूजा अर्चना करते हुए आनंद चतुर्दशी के पावन बेला पर बड़ी धूमधाम से भगवान गणेश जी को अपनी गोदी में लेकर नेवसा के जलाशय में विनोद उपाध्याय जी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए विसर्जन किया गया तत्पश्चात लोगों को लाइव बूंदी नारियल खीरा का प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान उपस्थित विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र राठौर ,राजेश राठौर ,राम प्रसाद राठौर, जगदीश सारिका अग्रवाल, जतिन उपाध्याय ,दीपक राजवाड़े ,शिवा राठौर ,वैभव राठौर,श्रीमती बिंदु उपाध्याय, ममता राठौर, संध्या राठौर, ज्योति राठौर ,रेनू राजवाड़े, शिल्पी उपाध्याय ,रिया राठौर, अपेक्षा राठौर ,ज्योति यादव, पलक अग्रवाल,अस्मिता अग्रवाल , दीक्षा अग्रवाल सहित भक्तगढ़ उपस्थित रहे।

## मड़ई में घूम रहे 41 हाथी, लोनर हुआ शांत

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के एतमानगर रेंज में 41 हाथियों का दल मड़ई क्षेत्र में घूम रहे हैं। हाथियों के दल द्वारा फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। फिर भी वन विभाग का अमला सावधानी बरत रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त खांडे ने बताया कि हाथियों को लेकर विभाग सतर्क है। वन अमला द्वारा लगातार हाथियों की मॉनिटरिंग करने के साथ ही क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। अत: वे जंगल की ओर न जाएं। उधर खतरनाक लोनर हाथी पसान रेंज के जल्के-तनेरा पहुंच गया था। लोनर हाथी अभी शांत है। क्षेत्र के जंगल में विचरण करने के कारण अभी कोई बड़ी घटना को अंजाम नहीं दिया है। इससे पहले दंतैल ने आतंक मचाते हुए केंदई व पसान रेंज में दो स्थानों पर हमला कर चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। जबकि दो लोगों को घायल कर दिया था। लोनर के एकाएक



आक्रामक हो जाने से ग्रामीणों में जहां दहशत का माहौल था वहीं वन विभाग में हड़कंप भी मच गया था। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद 9 हाथियों के दल ने बीती रात धरमजयगढ़ क्षेत्र का रूख कर लिया। हाथियों ने जाने से पहले जिल्गा व गीतकुआरी में दो दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया है।

## पाली तानाखार क्षेत्र से कंवर समाज को मिले प्रतिनिधित्व



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कंवर ने भी ताल ठोक दी है,कंवर समाज इकाई चक मादन के तत्वावधान में मंगल भवन पाली में कंवर समाज की बैठक हुई। शुभारंभ ठाकुर देव की पूजा एवं समाज के शहीदों के छाया चित्र पर मल्यार्पण के साथ हुआ।

बैठक में उपस्थित समाज के लोग जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्षा शिवकला कंवर, विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत गणराज सिंह कंवर, उपाध्यक्ष सातगढ़ कंवर समाज शिवनारायण सिंह कंवर, इकाई चक रैनपुर जीवन पाल सिंह, अध्यक्ष मादन इकाई चक मान सिंह कंवर, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज पाली सत्यनारायण कंवर, अध्यक्ष इकाई चक दावन पारा राम्हन सिंह पैकरा, अध्यक्ष छत्रपाल सिंह कंवर, विशिष्ट अतिथि इकाई चक व प्रवक्ता गोपालपुर कार्यक्रम में सामाजिक परिचर्चा, कैरियर मार्गदर्शन, प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान के अलावा वर्तमान राजनीतिक परिचर्चा के तहत पाली- तानाखार विधान सभा क्षेत्र में कंवर समाज की 45000 मतदाता को ध्यान में रखते हुए विधानसभा चुनाव में कंवर समाज की तरफ से राष्ट्रीय पार्टी से दावेदारी की जाएगी।

# 16 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद कोरबा तक पहुंच होगी शिवनाथ एक्सप्रेस की, पहले दिन आई चार घंटे लेट

**कोरबा।** लंबे अरसे से अधूरी चल रही गेवरा रोड-कोरबा- इतवारी पैसेंजर कम एक्सप्रेस अब वापस कोरबा आएगी। रेल प्रबंधन ने इतवारी- बिलासपुर एक्सप्रेस का परिचालन कोरबा तक विस्तार कर दिया। शुक्रवार को पहली बार ट्रेन इतवारी से कोरबा पहुंचेगी। इससे बिलासपुर से सुबह एक ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी। पहले ही दिन यह एक्सप्रेस चार घंटे विलंब से कोरबा पहुंची। इसके बाद भी स्टेशन में स्वागत के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में सबकुछ शेड्यूल के हिसाब से होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन द्वारा कोरबावासियों की मांग पर बिलासपुर- इतवारी एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा- गेवरा रोड़ तक कर दिया गया था, पर वापसी में यह ट्रेन बिलासपुर में आकर रूक जाती था। इससे इतवारी से आने वाले यात्रियों को बिलासपुर में दूसरी ट्रेन में सफर करना पड़ता था। इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबे अरसे से क्षेत्रवासी इस ट्रेन को पूर्ण से कोरबा से चलाने की मांग कर रहे थे। आखिरकार रेल प्रबंधन ने 16 साल बाद इसे मंजूरी दे दी।



इसके साथ शुक्रवार को सुबह बिलासपुर तक आने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस अब कोरबा तक आएगी। इससे इतवारी से सीधे कोरबा तक यात्रियों को सुविधा मिल जाएगी। साथ ही बिलासपुर में अमरकंटक व सारनाथ एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को अब 7.35 बजे तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शिवनाथ में सवार होकर यात्री कोरबा पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

उधर शिवनाथ एक्सप्रेस के कोरबा तक आने से यात्रियों को जहां बड़ी राहत मिलने वाली है, वहीं दोपहर 2.50 बजे स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आने वाली गाड़ी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होने के बाद दोपहर में स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आ रही थी। इससे दोपहर में यात्रियों को ट्रेन में सफर करने मिल रहा था। अब 29 सितंबर से रेल प्रबंधन इस ट्रेन के बदले कोई दूसरी ट्रेन चलाता है या बंद करता है। इस संबंध में स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### बिलासपुर से सात बजे छूट 8.55 बजे पहुंचेगी कोरबा

शिवनाथ एक्सप्रेस इतवारी से रात 11.55 बजे छूट कर बिलासपुर सुबह 7.05 बजे पहुंचती है। इसे कोरबा तक विस्तार करने पर यह ट्रेन बिलासपुर में 10 मिनट रूकने के बाद 7.15 बजे कोरबा के लिए रवाना होगा। जो 7.40 बजे अकलतरा पहुंच 7.42 बजे छूट कर नैला 7.55 बजे पहुंचेगी। यहां से 7.57 बजे छूटकर चांपा 8.10 बजे पहुंच कर 8.12 बजे रवाना होगी। ट्रेन सुबह 8.55 बजे कोरबा पहुंचेगी।

## प्रबंधन ने 10 दिन का समय मांगा

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया के कई इकाईयों में संडे ड्यूटी में कटौती किये जाने पर श्रमिक आक्रोशित हो गए हैं। प्रबंधन ने आयोजित जेसीसी वार्ता में कहा है कि बजट कम आने एवं घाटे में चल रहे खदान में संडे ड्यूटी कम की जा रही है। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा है और कहा है कि मुख्यालय से रिपोर्ट मंगाने के बाद आगामी चर्चा की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर ही संडे ड्यूटी में समझौता हो सकेगा। फिलहाल अभी कोई गुंजाइश दिखाई नहीं दे रही है। इस बैठक में उपस्थित दीपेश मिश्रा, धर्मा राव, मोहन प्रधान, अनूप सरकार, अशोक सूर्यवंशी गोपाला चार्य, सुरेन्द्र मिश्रा, अरविंद सिंह, गोपाल नारायण सिंह, संदीप राय ने भी कई सुझाव दिए।




होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com